CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

वर्ष- 43 | अंक -109 | राजनांदगांव, सोमवार 04 मार्च 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




## बेरोजगारी दर 40 साल में सबसे ज्यादा, हाशिए पर देश की 73 फीसदी आबादी : पटना की रैली में बोले राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार समाज के वंचित वर्गों की 73 प्रतिशत आबादी की उपेक्षा कर रही है. बिहार की राजधानी पटना में आयोजित राष्ट्रीय जनता दल की 'जनविश्वास' रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने आरोप लगाया कि देश में किसानों, युवाओं और वंचितों के साथ अन्याय हो रहा है.

कांग्रेस नेता ने केंद्र सरकार की 'अग्निवीर' योजना को देश के युवाओं के खिलाफ बताते हुए कहा कि इसके तहत नौकरी पाने वालों की शहादत पर उन्हें अन्य शहीदों की तर्ज पर सरकारी सहायता नहीं मिल पाएगी. उन्होंने कहा, 'देश में जब भी कोई (राजनीतिक) बदलाव आता है तो उसकी आंधी बिहार से शुरू होती है और यह तूफान देश के अन्य हिस्सों में भी फैल गया है. बिहार देश का राजनीतिक केंद्र है. कांग्रेस सांसद ने कहा कि आज देश में विचारधाराओं की लड़ाई चल रही है और एक तरफ नफरत, हिंसा, अहंकार है, तो दूसरी तरफ लोगों में प्यार, भाईचारा और एक-दूसरे के प्रति सम्मान है.



### राजद, वामदल और कांग्रेस के समर्थकों ने लिया हिस्सा

रैली स्थल पर 'महागठबंधन' (जिसमें कांग्रेस, राजद और वामपंथी दल) के समर्थकों की भारी भीड़ दिखी. राजद की इस 'जन विश्वास रैली' को बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की राज्यव्यापी 'जन विश्वास यात्रा' के समापन पर आयोजित किया गया है. रोजगार सृजन के प्रति प्रतिबद्धता जताने वाले तेजस्वी यादव के समर्थन में रैली के दौरान 'नौकरी मतलब तेजस्वी' जैसे नारे गूंजे.

### 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान सजा रहे हैं'

राहुल गांधी ने कहा कि एक पार्टी नफरत पैदा करने की कोशिश कर रही है, लेकिन हम 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान सजा रहे हैं.' पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित इस रैली को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, माकपा नेता सीताराम येचुरी, भाकपा नेता डी. राजा और राजद के युवा नेता तेजस्वी यादव ने भी संबोधित किया.

### खरगे, अखिलेश सहित कई दिग्गजों ने लिया हिस्सा

गौरतलब है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेता सीताराम येचुरी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव रविवार को पटना में आयोजित 'जन विश्वास रैली' में शामिल हुए. पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित इस रैली को लोकसभा चुनाव से पहले इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है. इस रैली में राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के अलावा उनके पुत्र तेजस्वी यादव और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के महासचिव डी राजा सहित कई अन्य शीर्ष नेता शामिल हुए.

## राज्यसभा के 225 सांसदों की कुल संपत्ति 19,602 करोड़ रुपये



नई दिल्ली। राज्यसभा के मौजूदा 225 सदस्यों में से 33 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है जबकि इन सांसदों की कुल संपत्ति 19,602 करोड़ रुपये है. चुनाव अधिकार निकाय एडीआर ने सांसदों के हलफनामों के विश्लेषण के आधार यह जानकारी दी है. एडीआर की रिपोर्ट में सांसदों की संपत्ति का मामला भी सामने आया है। इससे पता चलता है कि राज्यसभा के 225 सदस्यों की कुल संपत्ति 19,602 करोड़ रुपये है। यानी इस हिसाब से प्रत्येक राज्यसभा सदस्य की औसत संपत्ति 87 करोड़ 12 लाख रुपये है। इनमें 31 सांसद यानी 14 फीसदी अरबपति हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने यह भी कहा कि इनमें से 18 प्रतिशत सांसदों ने गंभीर आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है, जिनमें हत्या और हत्या के प्रयास के मामले शामिल हैं.

एडीआर और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) द्वारा किए गए विश्लेषण में, दो राज्यसभा सदस्यों ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 के तहत हत्या से संबंधित मामलों जबकि चार सांसदों ने धारा 307 के तहत हत्या के प्रयास से संबंधित मामलों की जानकारी दी है. रिपोर्ट के अनुसार, राज्यसभा के 225 मौजूदा सदस्यों में से 75 (33 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक और 40 (18 प्रतिशत) ने गंभीर आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है. विश्लेषण में सांसदों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की राजनीतिक दलों के लिहाज से भी पड़ताल की गई. इस मामले में भाजपा सबसे आगे रही, जिसके 90 राज्यसभा सदस्यों में से 23 प्रतिशत के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं. कांग्रेस के 28 सांसदों में से 50 प्रतिशत के खिलाफ ऐसे मामले दर्ज हैं.

एडीआर के विश्लेषण में कहा गया है कि टीएमसी के 13 राज्यसभा सदस्यों में से पांच (38 प्रतिशत), राष्ट्रीय जनता दल के छह सदस्यों में से चार (67 प्रतिशत), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के पांच में से चार (80 प्रतिशत), आम आदमी पार्टी के 10 सांसदों में से तीन (30 प्रतिशत), वाईएसआरसीपी के 11 राज्यसभा सदस्यों में से चार (36 प्रतिशत) और द्रमुक के 10 सांसदों में से दो (20 प्रतिशत) ने हलफनामों में अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है. आपराधिक पृष्ठभूमि के अलावा, विश्लेषण में राज्यसभा सदस्यों की संपत्ति की भी पड़ताल की गई, जिसमें पता चला कि प्रति सांसद औसत संपत्ति 87.12 करोड़ रुपये है. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कांकेर के छोटे बेठिया में नक्सलियों से मुठभेड़, बस्तर फाइटर का एक जवान शहीद, 10 लाख का इनामी नक्सली नागेश भी हुआ ढेर



कांकेर। छोटेबेठिया थाना इलाके के हिदुर जंगल में रविवार की सुबह नक्सलियों से मुठभेड़ हुई. एनकाउंटर में बस्तर फाइटर के जवान रमेश कुरेठी शहीद हो गए. मुठभेड़ में जवानों ने एक नक्सली को भी ढेर कर दिया.

एनकाउंटर के बाद छोटेबेठिया के हिदुर जंगल में जवानों ने सघन सर्चिंग अभियान चलाया है. कांकेर एसपी इंदिरा कल्याण एलेसेला ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए कहा कि मुठभेड़ वाली जगह से एक नक्सली का शव बरामद हुआ है जिसकी पहचान नागेश के रुप में हुई है. मारे गए नक्सली पर सरकार ने 10 लाख का इनाम रखा था. मौके से एक ...च 47 भी मिला है.

फोर्स आम दिनों की तरह छोटेबेठिया के हिदुर जंगल में सर्चिंग के लिए निकली थी. सर्चिंग के दौरान जवानों को सूचना मिली की भारी संख्या में हथियारबंद नक्सली जंगल में बैठक कर रहे हैं. नक्सलियों के बैठक की सूचना मिलते ही जवानों ने इलाके को घेरकर सर्चिंग अभियान शुरु कर दिया. इसी बीच नक्सलियों ने जवानों पर घात लगाकर हमला बोल दिया. नक्सलियों के हमले में बस्तर फाइटर के जवान रमेश कुरेठी शहीद हो गए. जवानों की ओर से की गोलीबारी में एक नक्सली भी ढेर हुआ.

### मारे गए नक्सली हुई पहचान

मुठभेड़ में जो नक्सली ढेर हुआ उसकी पहचान पुलिस ने कर ली है. मारे गए नक्सली का नाम नागेश था और उसपर सरकार ने 10 लाख का इनाम रखा था. मारा गया नक्सली लंबे वक्त से माओादियों के संगठन से जुड़ा था. पुलिस को लंबे वक्त से उसकी तलाश थी. मारा गया हार्डकोर नक्सली परतापुर एरिया कमेटी का कमांडर था.

## केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने जारी की हज गाइड 2024, मोबाइल ऐप भी किया लॉन्च



नई दिल्ली। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी ने रविवार को हज दिशानिर्देश 2024 जारी किया। इस दौरान उन्होंने हज सुविधा मोबाइल ऐप भी लॉन्च किया।

केंद्रीय मंत्री ने दिल्ली में इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि हाजियों के लिए सुविधाएं सिर्फ अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय की जिम्मेदारी नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इसके लिए कई विभागों से समन्वय किया है।

### सरकार ने बनाया है समन्वय

उन्होंने कहा कि हाजियों की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार ने सभी विभागों के साथ मिलकर एक समन्वय बनाया है। उन्होंने बताया कि पिछले साल महिला हाजियों की संख्या 4,300 थी, जो इस वर्ष 5160 को पार कर गयी है।

## छह मार्च को दिल्ली कूच करेंगे किसान, 10 को देशभर में रेल रोको आंदोलन, सामने आई नई रणनीति

बठिंडा। पंजाब के बठिंडा जिले के गांव बल्लों में युवा किसान शुभकरण सिंह का भोग समागम रविवार को हुआ। इसमें देशभर से अलग-अलग किसान संगठनों के नेता पहुंचे।



किसानों ने शुभकरण सिंह को श्रद्धांजलि दी। किसान संगठनों ने बड़ा एलान किया। छह मार्च को पंजाब और हरियाणा को छोड़कर देश के बाकी राज्यों के किसान दिल्ली कूच करेंगे। वहीं 10 मार्च को पूरे देश में चार घंटे किसान 'रेल रोको' आंदोलन करेंगे। 14 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में किसान महापंचायत होगी।

### किसानों ने बदली रणनीति, दिल्ली जाने का बनाया नया प्लान

किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि दिल्ली जाने का कार्यक्रम पहले की तरह है। दिल्ली जाने का कार्यक्रम न पीछे किया और न करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को कैसे घुटनों के बल लाना है, इसके लिए कुछ रणनीति तय की हैं। डल्लेवाल के मुताबिक शंभू और खनौरी बॉर्डर में किसानों की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसके अलावा बाकी बॉर्डरों को किसान बंद करेंगे।

उन्होंने कहा कि सरकार कह रही है कि किसान ट्रैक्टरों को छोड़कर दिल्ली आ सकते हैं। अब यह रणनीति तय की गई है कि छह मार्च को देशभर के किसान ट्रेन, बस और पैदल शांतिपूर्ण ढंग से दिल्ली कूच करेंगे। अब देखना होगा कि सरकार इन किसानों को बैठने देती है या फिर बातें करती है। 10 मार्च को दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक पूरे देश में ट्रेन रोको आंदोलन किया जाएगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज ने गौ वध बंद करने की रखी मांग, कहा- गौ माता को राष्ट्र माता किया जाए घोषित



रायपुर। द्वारका पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज राजधानी रायपुर पहुंचे. वे राजिम कुंभ में संत समागम में शामिल होंगे. रायपुर एयरपोर्ट पहुंचते ही उन्होंने पत्रकारों से चर्चा की. इस दौरान शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज ने गौ माता को राष्ट्र माता बनाने की मांग रखी. उन्होंने कहा कि गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाना चाहिए ताकि गौ वध बंद हो सके. नॉर्थ-ईस्ट में गौ हत्या कैसे रोकेंगे इस सवाल पर उन्होंने कहा कि यह शासन का काम है, लागू करना है

छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण पर कानून की तैयारी पर कहा उन्होंने कहा कि पूरे देश में धर्मांतरण हो रहा है. कानून लाया जा रहा है तो प्रशंसा के योग्य है. वहीं महराज ने संदेशखाली की घटना पर कहा, ऐसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए.

## अगली सरकार के एजेंडे की तैयारी में अभी से जुटे पीएम मोदी, मंत्रियों को गैरजरूरी बयानबाजी और डीफ फेक से बचने की दी सलाह

नई दिल्ली। संभवतः यह पहली बार हुआ है कि आगामी आम चुनाव की घोषणा से पहले ही किसी सरकार ने आगामी सरकार के एजेंडे पर विस्तार से चर्चा की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में उनकी मंत्री परिषद की रविवार को आठ घंटे तक मैराथन बैठक हुई। इसमें न सिर्फ वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के दृष्टि पत्र पर चर्चा की गई, बल्कि मई, 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के कार्यकाल के पहले सौ दिनों के एजेंडे पर भी गहन विमर्श हुआ।

यह मोदी सरकार की मंत्री परिषद की अंतिम बैठक है क्योंकि अब हफ्तेभर के भीतर आम चुनाव-2024 की घोषणा होने की संभावना है। अप्रैल से मध्य मई, 2024 तक सात से आठ चरणों में चुनाव होने की संभावना है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि रविवार की बैठक में मुख्य तौर पर विकसित भारत-2047 के दृष्टि पत्र और अगले पांच वर्षों की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही मई, 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के पहले सौ दिनों के एजेंडे एवं उठाए जाने वाले कदमों पर चर्चा हुई।



रविवार की बैठक अचानक नहीं बुलाई गई थी, बल्कि इसकी तैयारी पिछले दो वर्षों से चल रही थी। इस दौरान सभी मंत्रालयों की अगुआई में राज्य सरकारों, शिक्षाविदों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, विज्ञानियों, विज्ञान संगठनों, सिविल सोसायटी के लोगों से विमर्श किया गया। साथ ही देशभर के युवाओं से विकसित भारत को लेकर उनके विचार मांग गए थे, जिन्हें शामिल भी किया गया है।

20 लाख से ज्यादा युवाओं ने अपने सुझाव दिए थे और 2,700 के करीब बैठकें, कार्यशालाएं व सेमिनार आयोजित की गईं थीं। इन सभी स्त्रोतों को मिलाकर एक विजन डाक्यूमेंट बनाया गया है जो भारत को अगले 25 वर्षों में विकसित देश बनाने में मदद करेगा। सूत्रों ने बताया कि अगले 25 वर्षों तक आर्थिक विकास किस तरह का होना चाहिए। कारोबार करने में किस तरह की सहूलियत होनी चाहिए, जीवन यापन को आसान बनाने, सामाजिक विकास व ढांचागत विकास को लेकर क्या लक्ष्य होने चाहिए, इस पर भी चर्चा की गई। सनद रहे कि पिछले एक महीने में प्रधानमंत्री मोदी कई बार सार्वजनिक मंचों से यह कह चुके हैं कि आगामी आम चुनाव में उनकी पार्टी ही विजयी होगी और सरकार बनाएगी। वह यह भी कहते रहे हैं कि अगली बार जब वह सरकार बनाएंगे तो भारत की इकोनमी को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी ताकत बनाएंगे। अभी भारत पांचवी सबसे बड़ी इकोनमी है।

### फिर से सरकार बनाने के विश्वास का दिया संदेश

प्रधानमंत्री कई बार विश्वास जता चुके हैं कि तीसरी बार फिर से केंद्र में मोदी सरकार बनने जा रही है। इसका भरोसा देश ही नहीं, विदेश में भी है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## महादेव सट्टा एप के मुख्य आपरेटर गिरीश तलरेजा व सूरज चोखानी को कोर्ट ने एक दिन के लिए भेजा जेल

### साढ़े तीन घंटे की बहस के बाद सुनाया फैसला



रायपुर। महादेव सट्टाबाजी एप मामले में भोपाल और कोलकाता से ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की गिरफ्त में आए मुख्य आपरेटर गिरीश तलरेजा और सूरज चोखानी को लेकर ईडी की टीम रविवार को दोपहर रायपुर कोर्ट पहुंची। दोनों आरोपितों को अवकाश होने के कारण विशेष न्यायालय के बजाए न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नीति की कोर्ट में पेश किया गया, जहां करीब चार घंटे चली सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने दोनों को एक दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का आदेश दिया। सोमवार को फिर से इन आरोपितों को ईडी के विशेष न्यायालय में पेश किया जाएगा। ईडी दोनों को रिमांड पर लेने आवेदन करेंगी।

ईडी के अधिवक्ता डॉ. सौरभ पांडेय ने बताया कि महादेव सट्टाबाजी एप में भोपाल से गिरीश तलरेजा और कोलकाता से सूरज चोखानी की गिरफ्तारी के बाद दोनों को 14 दिन की रिमांड पर लेने न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की कोर्ट में आवेदन दिया गया था। कोर्ट ने करीब चार घंटे तक दोनों पक्षों की दलीले सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा। देर रात साढ़े आठ बजे न्यायाधीश ने एक दिन की न्यायिक हिरासत में दोनों आरोपितों को जेल भेजने का आदेश दिया है। अब सोमवार को फिर से आरोपितों को विशेष न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड मांगा जाएगा।

### भोपाल में ईडी की गिरफ्त में आया मुख्य आपरेटर गिरीश तलरेजा

भोपाल में ईडी की गिरफ्त में आए मुख्य आपरेटर गिरीश तलरेजा को रायपुर लाकर कोर्ट में पेश करने के संबंध में ईडी के वकील डा.सौरभ पांडेय ने कहा कि भोपाल समेत कई अन्य जगहों पर ईडी की कार्रवाई अभी जारी है। शनिवार को गिरीश तलरेजा को विशेष कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेने की चर्चा थी, पर ईडी के अधिकारी देर शाम तक कोर्ट नहीं पहुंचे।

गौरतलब है कि पूछताछ में एप के पैनल आपरेटर नीतीश दीवान ने तलरेजा और रतनलाल जैन का नाम लिया था। इसके बाद ईडी ने दोनों के बैंक खाते की पूरी जानकारी खंगाली तो एप के संचालक शुभम सोनी के साथ करोड़ों रुपयों के ट्रांसजेक्शन मिला। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## लोकसभा चुनाव 24: संतोष पांडे को पुनः प्रत्याशी घोषित होने पर लोग अचंभित

राजनांदगांव (दावा)। अंततः सीटिंग सांसद संतोष पांडे को पुनः भाजपा के आला नेताओं ने आसन्न चुनाव में लोकसभा का उम्मीदवार घोषित कर दिया। पांडे स्वयं पहले से ही फूल कान्फीडेंट में थे कि टिकट उन्हें ही मिलनी है। इसके लिए उन्होंने लगभग एक माह पहले से ही तैयारी शुरू कर दी थी।

सांसद संतोष पांडे आर.एस.एस. से आते हैं। अच्छे वक्ता हैं। 2019 में अपना पहला लोकसभा चुनाव उन्होंने राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र से 111966 वोटों से जीता था। प्रतिद्वंदी कांग्रेस पार्टी से विधायक भोलाराम साहू सामने थे किन्तु, मोदी लहर में वे साफ हो गए थे, और कांग्रेस पराजित हुई थी। संतोष पांडे कवर्धा निवासी हैं। बीते विधानसभा चुनाव में हिन्दुत्व की आंधी में जमीन से जुड़े कांग्रेस के कद्दावर पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर को घोर पराजय का सामना करना पड़ा था। कवर्धा में हुई भाजपा की भव्य जीत भी फिलहाल संतोष पांडे के पक्ष में हैं। इन्ही उक्त कारणों से पार्टी आलाकमान ने पांडे को दोहराते हुए पुनः अपना उम्मीदवार घोषित किया है।



खैर, यह तो पार्टी का निर्णय है। किन्तु क्षेत्र के प्रबुद्धजन एवं भाजपा कार्यकर्ता संतोष पांडे की उम्मीदवारी से विक्षुब्ध हैं। अपने प्रथम कार्यकाल में ही सांसद निर्वाचित हुए पांडे जनसम्पर्क में औपचारित सक्रिय रहे। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के अनेक इलाकों में वे तो गए ही नहीं। क्षेत्र की जनता भी उनसे दूर रही। पांच साल तक सांसद रहने के बावजुद गैर-राजनीतिक जनता संतोष पांडे से अनमिज्ञ हैं। अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं से भी वे अपेक्षानुसार जुड़ नहीं सके। क्षेत्रीय विकास में उन्होंने राजनांदगांव जिले की उपेक्षा की है। अपनी सांसद निधि का राजनांदगांव जिले में उपयोग कम किया। अपितु, अधिकांश सांसद निधि संतोष पांडे ने कवर्धा में अनुशंसा करते हुवे खर्च की है।

राजनांदगांव व संसदीय क्षेत्र में राजनांदगांव, कवर्धा व पंडरिया विधानसभा क्षेत्र को अलग कर दे तो पांच विधानसभा क्षेत्रों क्रमशः डोंगरगढ़, डोंगरगांव, खुज्जी, मोहला-मानपुर व खैरागढ़ में कांग्रेस की जीत और भाजपा की शर्मनाक हार का एक कारण सांसद पांडे की निष्क्रियता रही है। अपने ही पार्टी के प्रत्याशियों के लिए उन्होंने चुनाव प्रचार में अपनी औपचारिक हाजिरी दी। ग्रामीण इलाकों से टूटे सम्पर्क ने भी विशेष पहिचान नहीं दिलाई जो एक सांसद की होनी चाहिए थी। राजनांदगांव शहर भी पांडे की पुनः उम्मीदवारी से अचंभित है। स्थानीय वरिष्ठ भाजपा नेताओं से भी वे अपेक्षित संबंध बताने में असफल रहे।

अब प्रश्न उठता है कि सांसद संतोष पांडे केवल कवर्धा क्षेत्र के बलबूते ही चुनाव वैतरिणी पार करेंगे? हिन्दुत्व रूपी अश्व में सवार होकर पांडे जीत को लेकर आश्वस्त हैं। मोदी की गारण्टी पर आधार रख पांडे निःसंदेह जीत को लेकर विश्वास से भरपूर है।

किन्तु राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में केन्द्र की अनेक योजनाएं दम तोड़ रही हैं। केन्द्र की योजनाओं को भ्रष्टाचार का अजगर लील रहा है। यहां सांसद संतोष पांडे का मौन स्वाभाविक रूप से रहस्यमय है।

# मानव मंदिर चौक में त्रिशुल लगाने का विरोध, दो पक्ष आमने-सामने

## आज जिला प्रशासन से मिलेगा महाकाल सेना का प्रतिनिधि मंडल महाकाल सेना का मानव मंदिर चौक का नाम बदलने पर जोर

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव ही नहीं पूरे देश में हॉकी खिलाड़ियों, क्रिकेट खिलाड़ियों के माध्यम से प्रसिद्धि प्राप्त कर चुके शहर का मानव मंदिर चौक का नाम बदलकर महाकाल चौक रखे जाने व वहां पर भगवान महाकाल का आयुध त्रिशूल की स्थापना किए जाने का विरोध शुरू हो गया है।



हालांकि यह विरोध बहुत पहले से ही शुरू हो गया था। लेकिन जैसे-जैसे महाशिवरात्रि पर्व नजदीक आ रही है, इसके विरोध स्वर और भी मुखर होते जा रहे है। इसमें सबसे ज्यादा मुखर स्वर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा का है।

वैसे भी श्री छाबड़ा मानव मंदिर चौक पर त्रिशूल गाड़े जाने के पक्ष में कभी नहीं रहे। इसके पीछे उन्होंने मानव मंदिर चौक पर आए दिन होने वाले राजनीतिक दलों व अन्य संस्था संगठनों के कार्यक्रम के चलते पुतला दहन आतिशबाजी, कीचड़ फेंक, पानी की बौछार, कालिख लगाने जैसे संगत-असंगत कार्यक्रम को बताया जिसके कारण भगवान महाकाल शिव व उसके आयुध त्रिशूल की प्रतिष्ठा भंग हो सकती है। कुत्ते आदि के पेशाब करने से अशुद्ध हो सकता है। इससे लोगों की धार्मिक भावना को ठेस लग सकती है। अतः उक्त त्रिशुल को मानव मंदिर चौक के बजाए कही और स्थापना की जाए। बता दे कि नगर निगम द्वारा त्रिशूल निर्माण में भी मिलावटी धातु का उपयोग किए जाने की बात सामने आई थी। इससे बवाल मचा था। बाद में इसे फिर से बनाए जाने की बात सामने आ रही है। अब उक्त त्रिशूल को मानव मंदिर चौक में महाशिवरात्रि के दिन स्थापना किए जाने को लेकर समर्थन एवं विरोध में दो पक्ष सामने आ गए है। इसके विरोध में सबसे मजबूत व तर्क संगत पक्ष वरिष्ठ पार्षद एवं कांग्रेस नेता कुलबीर छाबड़ा का है। वही त्रिशूल निर्माण में अनियमितता को लेकर न.नि. प्रतिपक्ष नेता किशुन यदु ने भी निगम के खिलाफ मोर्चा खोला था।

### महाकाल चौक पर जोर

बता दे कि 4 मार्च को महाकाल सेना के लोग समाजसेवी पवन डागा के नेतृत्व में जिला प्रशासन से मिलकर अपनी बात रखने की योजना बनाए हुए थे लेकिन श्री डागा का कहना है कि उनकी मांग महाकाल चौक रखने की है। जिस पर नगर निगम की मुहर लग चुकी है। महापौर के हाथों भूमिपूजन भी चुका है। रही बात त्रिशुल लगाने की तो वहां चौक में त्रिशुल लगाए अथवा न लगाए उसका पोस्टर ही लगवा देवे। अब यह मामला निगम के पाले में है। यदि निगम प्रशासन व जिला प्रशासन चाहेगा तो महाकाल सेना की ओर से वहां महाशिरात्रि के दिन त्रिशुल की स्थापना की जाएगी नहीं तो उक्त चौक का नाम महाकाल चौक रखना हमारी मांग में सर्वोपरि है। महाकाल सेना इस पर ही ज्यादा जोर दे रहा है।

### जिला प्रशासन से मिलेगा महाकाल सेना

सोशल मीडिया में जारी समाचार के अनुसार मानव मंदिर चौक में त्रिशूल स्थापना को लेकर दो पक्ष समर्थन और विरोध में सामने आने से समर्थन करने वाला पक्ष महाकाल सेना के पवन डागा, राजेश डागा सहित अन्य जन आज 4 मार्च को जिला प्रशासन से मिल कर अपनी बात रखने जा रहे है। लेकिन बाद में पता चला कि अब नहीं मिलने वाले है। वार्ड क्रं. 26 के पार्षद शरद सिन्हा का इस संबंध में कहना है कि इस मामले में राजनीति नहीं होनी चाहिए। जबकि महाकाल सेना के पवन डागा का कहना है कि गत जून माह में सभी ने यह मांग रखी थी कि मानव मंदिर चौक का नाम महाकाल चौक हो व यहां महाकाल की त्रिशुल स्थापना की जाए। इस पर महापौर हेमा देशमुख ने भी मांग पर विचार कर एमआईसी में लाया व सहर्ष स्वीकृति मिलने के बाद त्रिशूल बनवाने के लिए आर्डर दिया गया। महापौर का यह भी कहना है कि शहर में पूर्व में महाकाल की यात्रा निकाली गई तो उपस्थितजनों ने भी मानव-मंदिर चौक को महाकाल चौक रखे जाने की संस्तुति की थी।

### घटना होने का अंदेशा

बता दे कि भगवान शिव महाकाल का त्रिशुल लोहे का धारदार नुकीला होने की वजह से किसी के भी द्वारा आक्रोश में आकर किसी पर वार कर देने से गंभीर दुर्घटना होने का अंदेशा है। चूंकि मानव मंदिर चौक में हरेक तरह के राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक सांगठनिक आदि के कार्यक्रम होते रहते है। धरना प्रदर्शन, पुतला दहन का आतिशबाजी के बीच लोगों में सौम्यता व उग्रता का भाव बना रहता है। इस क्षण भावावेश में त्रिशुल के साथ छेड़छाड़ व अन्य किसी प्रकार की अप्रिय घटना होना संभावित है। इसे लेकर कांग्रेस के नेता व वरिष्ठ पार्षद श्री छाबड़ा ने आयुक्त को चेताया है और मांग भी की है कि त्रिशुल स्थापना से कुछ घटना होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी व जवाबदारी आयुक्त की होगी। अब देखना यह है कि उपरोक्त परिस्थिति के आलोक में आयुक्त मानव मंदिर चौक में उक्त त्रिशुल्क लगाने देने की अनुमति देते है या नहीं।

# 12वीं बोर्ड परीक्षा में अंग्रेजी का पेपर सरल रहा, हिन्दी का पर्चा बच्चों के खिले चेहरे

- सीजी बोर्ड के दसवीं-बारहवीं परीक्षा के दौरान उड़नदस्ता टीम की दो दर्जन केन्द्रों में दबिश
- कालेज में बीए एवं बी. कॉम के विद्यार्थी देंगे परीक्षा

राजनांदगांव (दावा)। एक मार्च से शुरू हुई सीजी बोर्ड के 10वीं, 12वीं के परीक्षा में शुक्रवार और शनिवार को क्रमशः दोनों दिनों हिन्दी का पेपर हुआ जिसमें पेपर सरल होने से विद्यार्थियों के चेहरे खिले रहे। आज 12 वीं बोर्ड के अंग्रेजी की परीक्षा है। विद्यार्थियों ने अंग्रेजी की परीक्षा के लिए अच्छी तैयारी की है। इधर बच्चों का उत्साह वर्धन के लिए पूर्व सांसद अभिषेक सिंह व मधुसूदन यादव ने परिक्षार्थियों को परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी है तथा परीक्षा स्थल जाकर विद्यार्थियों से मुलाकात कर उनका हौसला आफजाई की है। पूर्व सांसद व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष श्री यादव ने तो बच्चों को गुलाब का फूल भेंटकर शांत एवं प्रसन्नचित मन से परीक्षा देने के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इससे विद्यार्थी काफी मोटिवेट हुए है और शामिल होने का उत्साह देखते ही बन रहा है।

### उड़नदस्ता टीम की दबिश

बता दे कि राजनांदगांव जिले के 88 केन्द्रों में छ.ग. माशिमं की बोर्ड परीक्षाएं हो रही है जिसमें 12910 विद्यार्थी 10 वीं बोर्ड के वही 10020 विद्यार्थी 12 वीं बोर्ड की परीक्षा दे रहे है। आज 4 मार्च सोमवार को 12वीं का अंग्रेजी का पर्चा होगा। जिले के 88 केन्द्रों में सुबह 9 बजे से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा में नकल रोकने के लिए उड़नइदस्ता दल का गठन हुआ है। उड़न दस्ता दल की टीमों ने परीक्षा के दौरान 21 केन्द्रों में दबिश दी लेकिन एक भी नकल प्रकरण उनके हाथ नहीं लगा।

बताया जाता है कि उड़नदस्ता दल क्रं. 2 में प्रभारी अधिकारी सतीश ब्यौहारे, पी.आर. झाड़े, मनीष कुमार सोनी, श्रीमती स्वाति वर्मा शामिल है जिनके द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हालांकि नकल के का सही संधारण नहीं पाया गया। सिंघोला, हरदी स्कूल में भी रक्षा पंजी का संधारण सही नहीं था। इसे सही करने निर्देशित किया गया। बताते चले कि माशिमं द्वारा जिले में स्टेट हाई स्कूल को बोर्ड परीक्षा का समन्वय केन्द्र बनाया गया है यहां के प्राचार्य व केन्द्राध्यक्ष एन.एस. पट्टा ने बताया कि स्कूल में विद्यार्थिया के लिए पानी बिजली से लेकर टेबल-कुर्सी व गर्मी से बचने प्रत्येक कमरों में पंखे की व्यवस्था की गई है। बोर्ड परीक्षा के दिनों ही कालेज के रेगुलर व प्राईवेट के विद्यार्थियों के बी.ए., बी.कॉम, बीएससी व अन्य विषयों के भी परीक्षा आयोजित है। उक्त परीक्षा 7 से लेकर 10 बजे तक 11 से 2 बजे तक तथा अपराह्न 3 से लेकर 6 बजे तक परीक्षा ली जा रही है।

दिग्विजय कॉलेज से लेकर अन्य कॉलेजों में आयोजित उक्त परीक्षा में अभी तक एक भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है। दिग्विजय कालेज के प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर ने बताया कि जिले के सबसे बड़े महाविद्यालय के रूप में शुमार दिग्विजय महाविद्यालय में सर्वाधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे है। एहतियातन के तौर पर परीक्षा में नकल रोकने के लिए वि.वि. की ओर से 4 उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया है। लेकिन अभी तक एक भी नकल प्रकरण सामने नहीं आए है।

# जन जागरूकता से ही दूर होगी रक्तदान के प्रति फैली भ्रांतियां व डर -नागेश यदु रक्तवीर

## वार्डों में जागरूकता शिविर लगाकर रक्तदान का अलख जगायेंगे रक्तवीर



राजनांदगांव (दावा)। रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर समाज में एक विशिष्ट पहचान बनाने वाली संस्था छात्र युवा मंच की साप्ताहिक बैठक आज महावीर मंदिर में आयोजित की गई इस बैठक में 22 जनवरी 2025 को अयोध्या मे बने भगवान राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्व पर होने वाले जिले के इतिहास मे होने वाले भव्य व विशाल रक्तदान शिविर के विषय में चर्चा कर उपस्थित पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौपी गई।

संगठन के प्रदेश संयोजक नागेश यदु ने बैठक को संबोधित करते हुए रक्तदान के के फायदे व रक्तदान के प्रति समाज में फैले भ्रांति व डर के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा कर करते हुए कहा कि संगठन द्वारा विगत 12 वर्षो से रक्तदान के क्षेत्र में निरंतर कार्य करते हुए 89 रक्तदान शिविर का आयोजन किया उसके पश्चात भी आज भी एक प्रतिशत से भी कम युवा ही रक्तदान के पुण्य कार्य से जुड़ते हैं, जिसका मुख्य कारण मन में रक्तदान के प्रति डर और भ्रांतियां हैं इस भ्रांतियां को दूर हम निरंतर जन जागरूकता का कार्य कर ही दूर कर सकते हैं, जिस पर संगठन द्वारा शहर के 51 वार्डो मे रक्तदान जागरूकता शिविर का आयोजन कर रक्तदान के फायदे, अधिक रक्त से होने वाली बीमारियां, रक्त जाँच शुल्क, रक्त के क्रय विक्रय सम्बंधित भ्रामक जानकारी से जागरूक करने का निर्णय लिया गया

जन जागरूकता के लिए बनाई गई समितियां

रक्तदान के प्रति जागरूकता के लिए संगठन द्वारा समिति का गठन किया गया पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौप कर कार्य विभाजन किया गया है जिसमें चंद्रभान जंघेल रक्तदान जागरूक पत्रक निर्माण, लोकेश बारापात्रे 51 वार्ड जनप्रतिनिधि सूचना प्रभारी, राजू साहू जागरूकता शिविर, भागवत वर्मा जनपद, सरपंच जनप्रतिनिधि सूचना प्रभारी, दुष्यंत सेन महाविद्यालय सूचना प्रभारी, माधव साहू समाज संगठन सूचना, रूपेश मानिकपुरी ग्राम जन जागरूकता शिविर, व प्रवीण मारकंडे को सोशल मीडिया और केंद्र सरकार और राज्य सरकार को संगठन के कार्य को जन जन तक पहुंचाने कि जिम्मेदारी दी गई।

प्रत्येक गुरुवार को शहर के वार्डों शांति नगर से होगा जागरूकता शिविर का प्रारंभ। आज इस बैठक में प्रदेश संयोजक नागेश यदु, प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रभान जंघेल, छत्रपति शिवाजी महाराज रक्तवीर मंच प्रदेश प्रमुख लोकेश बारापात्रे, प्रदेश महामंत्री भागवत वर्मा, प्रदेश तकनीकी व संचार प्रमुख प्रवीण मारकंडे, दिग्विजय महाविद्यालय अध्यक्ष दुष्यंत कुमार, जिला शहर मंत्री रूपेश मानिकपुरी उपस्थित थे।

# आज से ब्रह्माकुमारीज द्वारा महाशिवरात्रि महोत्सव

राजनांदगांव (दावा)। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 4 मार्च सोमवार से 10 मार्च 2024 रविवार तक 7 दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है यह आयोजन ब्रह्माकुमारीज के डोंगरगांव रोड, गोकुल नगर के आगे, बिजली सब स्टेशन के पास निर्माणाधीन 'ज्ञान मान सरोवर' में किया जा रहा है। इसके अंतर्गत अनुपम एवं अदभुत 40 फीट ऊँचा विशाल शिवलिंग की स्थापना एवं द्वादश ज्योतिर्लिंग की मनोरम झांकी एवं आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र है जो प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक भक्तजनों के अवलोकनार्थ निःशुल्क खुली रहेगी।

शुभारंभ अवसर पर 4 मार्च सोमवार को मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं पूर्व महापौर मधुसूदन यादव एवं विशिष्ट अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष संतोष अग्रवाल एवं पार्षद गगन आईच होंगे। उपरोक्त जानकारी स्थानीय सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहनजी ने देते हुए समस्त नागरिकों से इस अवसर का लाभ लेने की अपील की है।


dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक संगीत प्रधान फिल्म
राजेश मारू प्राडक्शन कृत
मांग सजा दे सजना
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - जीत शर्मा, चेतन शर्मा, श्रेया पारकर, सृष्टि देवांगन, चन्द्रहास बघेल, नवीन देशमुख आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com



SILVER SCREEN Multiplex
4th March to 7th March 2024




Rakshanam (Hindi) - 12:00 and 03:00 pm
Dune Part Two (Hindi) - 06:30 and 09:30 pm
Article 370 -12:30, 03:30, 06:00 and 09:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200


# केंद्र में एम फॉर मोदी नहीं एम फॉर महंगाई की सरकार-सुजीत दत्ता

## कहा-डबल इंजन की सरकार जनता को चैन से जीने नहीं दे रही

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुजीत दत्ता 'बापी' ने कहा कि केंद्र में मोदी की सरकार नहीं वास्तव में महंगाई की सरकार है। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार आम आदमी और गरीबों की सरकार नहीं है अगर होती तो हकीकत में चिंता करती और महंगाई इतनी ज्यादा नहीं बढ़ती सिर्फ पेट्रोल डीजल और रसोई गैस की कीमत बढ़ने से सारी चीजों की महंगाई आपसे आप बढ़ जाती है और वही हो रहा है आगामी लोकसभा चुनाव में यदि यह सरकार लौट कर आएगी तो निश्चित मानो कि भारी निरंकुश हो जाएगी। फिर देश की जनता के पास हाथ मलने के सिवाय कुछ नहीं रहेगा।

लोकसभा चुनाव सिर पर है और यह आम पब्लिक के लिए एक बार नहीं 100 बार सोचने समझने का वक्त है। श्री दत्ता ने तालाब का उदाहरण देते हुए कहा कि यदि तालाब का पानी हर साल नहीं बदल जाए तो वह दुसित हो जाता है केंद्र में 10 साल से जमी भाजपा सरकार इसी तरह दूषित वातावरण बना चुकी है



बेहतर यही होगा कि इसे इसे बदलकर लोकतंत्र की स्वास्थ्य परंपरा को जिंदा रखा जाए और किसी भी सरकार को लगातार चुनकर उन्हें निरंकुश होने का मौका नहीं दिया जाए। श्री दत्ता ने आगे कहा कि मोदी राज में रोजमर्रा की जरूरतों के दाम बेतहाशा बढ़ गये है। 2014 में जो गैस का सिलेंडर 410 रु. का था, आज वह 1000 रु. के पार है।

पेट्रोल के दाम 70 रु. प्रति लीटर से बढ़कर 100 रु. प्रति लीटर के पार हो गए हैं जबकि डीजल के दाम 55 रु. प्रति लीटर से बढ़कर 90 रु. प्रति लीटर के करीब पहुंच गए हैं। अंतरराष्ट्रीय मार्केट में क्रुड आयल का दाम लगातार कम हो रहे है। 2014 की तुलना में वर्तमान में कुरड आयल आधे रेट में मिल रहा है लेकिन उसका लाभ आम जनता को नही मिल रहा है। खाने के तेल और दाल की कीमत 70 रु. और 60 रु. प्रति किलो थी, वह 200 रू. प्रति किलो को पार कर गई है। इतना ही नहीं, बीते दिनों जीएसटी की बर्बर मार से दही, पनीर, लस्सी, आटा, सूखा सोयाबीन, मटर व मुरमुरे भी बच नहीं सके, उन पर भी 5 फीसदी जीएसटी लगा दिया गया। होटल के 1,000 रु. के कमरे पर 12 प्रतिशत जीएसटी, अस्पताल के आईसीयू बेड पर 5 प्रतिशत जीएसटी ! जीने के लिए सभी आवश्यक चीजों पर जीएसटी लगाकर चैन नहीं मिला तो श्मशान घाट के निर्माण पर भी जीएसटी बढ़ा दिया गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतें लगातार घट रही है मगर मोदी सरकार पेट्रोल-डीजल की कीमतें कम नहीं कर रही है। बीते 8 सालों में पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स पर कर लगाकर 29 लाख करोड़ रुपए जनता की जेब से निकाले गए हैं।

महंगाई के मुद्दे पर जनता बेबस और लाचार है और इसके लिए कांग्रेस विपक्ष पर बैठी कांग्रेस से पिछले 10 साल से गुहार लगा रही है, कांग्रेस महंगाई के विरुद्ध लगातार आवाज उठा रही है और यह महंगाई तभी काम हो पाएगी जब जनता कांग्रेस को सत्ता की चाबी सौपेगी।

# रायपुर में कैलाश विजयवर्गीय ने ममता सरकार पर साधा निशाना, बोले- महिला मुख्यमंत्री की पार्टी के लोग महिलाओं के साथ दुराचार कर रहे



रायपुर। मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि देश को सबसे ज्यादा नुकसान परिवारवाद और तुष्टिकरण से हुआ है। यही दोनों ही पश्चिम बंगाल में है। रविवार को राजधानी पहुंचे मंत्री विजयवर्गीय ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली की घटना को लेकर मीडिया से बातचीत की।

उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि जहां महिला मुख्यमंत्री हैं, वहां महिलाओं के साथ दुराचार हो रहा है। उन्हीं के पार्टी के लोग वारदात को अंजाम दे रहे हैं और सरकार उनकों संरक्षण प्रदान कर रही है। मैं समझता हूं कि ऐसी अराजकता देश के किसी भी प्रदेश में नहीं है, जैसा बंगाल में है।

बृजमोहन अग्रवाल की मां को दी श्रद्धांजलि

पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल, अजय जामवाल, विश्वास सारंग के साथ विजयवर्गीय छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री व रायपुर लोकसभा के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के निवास भी पहुंचे। यहां पर उन्होंने मंत्री अग्रवाल की दिवंगत माता पिस्तादेवी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# देश की जनता राजनीतिक स्थिरता चाहती है - मोहम्मद इरफान शेख

राजनांदगांव (दावा)। सांसद संतोष पांडे को भाजपा से लगातार दूसरी बार लोकसभा टिकट मिलने पर अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख व हैरी जोसेफ ने उन्हें बधाई देते हुए कहा है कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए मोदी सरकार के अनुभवी सांसद श्री पांडे को टिकट मिलना ज्यादा उचित था और राजनीति के गलियारों में अनुमान भी यही लगाया जा रहा था। कि श्री पांडे रिपीट होंगे और हुआ यही भाजपा नेता द्वय ने कहा कि श्री पांडे के संसदीय कार्यकाल में ही बड़ी-बड़ी चुनौतियां आई उनके नेतृत्व में उन चुनौतियों को हम सब मिलकर पार किया है। द्वय श्री शेख और जोसेफ ने आगे कहा कि विश्व व्यापी कोरोना महामारी के दौरान जब पूरी दुनिया में बड़ी तादाद में लोग कल कवलित हुए तब श्री पांडे के नेतृत्व में भाजपा संगठन ने सड़कों और बस्तियों में घूम-घूम कर घर-घर राशन पहुंचाने में मदद की जो बाहर से लौटने वाले मजदूर थे उनकी हर तरह से मदद की पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाया उसके बाद विधानसभा चुनाव में महाभ्रष्ट भूपेश बघेल नीत कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने में जान लगा दिया गया।

नेता द्वय कहा कि पिछले 10 साल से केंद्र की सत्ता में बैठी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बीजेपी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के



नेतृत्व में पूरे भारत की साख बढ़ा रहा है केंद्र सरकार ने ऐसे कई अकल्पनीय कार्य किए हैं देश हित और जनहित के कार्य किए हैं जो कांग्रेस की कल्पना से बाहर की बात थी जैसे की कश्मीर से दोहरी नागरिकता समाप्त करना आतंकी शिविरों पर पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक और नया संसद भवन निर्माण विभिन्न देशों के युद्ध में सफल कूटनीतिक चाल से विश्व में भारत की साख बढ़ाना चीन की हरकतों पर करारा जवाब देना स्वदेशी अस्त्रों शास्त्रों का निर्माण चंद्रयान सहित और कई बातें हैं जो कांग्रेस को जिसके कारण मोदी जी की लोकप्रियता देश दुनिया में बढ़ी है आगे आगामी 5 साल के लिए देश के गरीबों को निशुल्क राशन की व्यवस्था करने की घोषणा भी काम बड़ी बात नहीं है। दोनों नेताओं ने यह भी कहा कि अब देश की जनता भारतीय जनता पार्टी के रूप में स्थाई सरकार चाहती है इसका कारण यह है कि देश लगातार प्रगति करते हुए विकसित भारत बने यही देशवासियों का सपना भी है जिसे भाजपा सरकार के अलावा कोई कर भी नहीं सकती है राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में भी विकास की गंगा बही है रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प हो रहा है रेल लाइनों को विस्तार भी हुआ है प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अनेक योजनाएं है जो गरीबों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का काम कर रही है श्री पांडे के दूसरी बार टिकट मिलने पर उन्हें बधाई देते हुए आम मतदाताओं से अपील की है कि देश में स्थाई सरकार के लिए राजनांदगांव से भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी बहुमत से विजई बनाते हुए मोदी सरकार को पुनः तीसरी बार दिल्ली की गद्दी सौंपे।

# पांच साल के सरकार में कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को चारागाह बनाकर किए कई घोटोले : साय

जशपुरनगर। पांच साल तक छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार रही। सत्ता में रहने के दौरान कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को चारागाह बना दिया था। प्रदेश में कोयला घोटाला, डीएमएफ घोटाला, महादेव सट्टा एप घोटाला और पीएससी भर्ती परीक्षा में घोटाला किया।

हमारी सरकार बने ढ़ाई माह हो रहे हैं। प्रदेश की जनता के हित में अनेक फैसले लिए हैं। जिसका क्रियान्वयन भी शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री आवास से वंचित 18 लाख गरीब परिवारों को आवास स्वीकृत किया गया है। पूर्ववत सरकार ने इसे लागू नहीं किया। जिसका कारण यह है कि इसका श्रेय देश के प्रधानमंत्री को मिलेगा। इस कारण पीएम आवास को पेंडिंग में रखा। कांग्रेस पर प्रहार करते हुए उक्त बाते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कही।

वे शहर के वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होनें कहा कि 13 दिसंबर को हमारी सरकार ने शपथ ली। दूसरे दिन ही कैबिनेट में निर्णय लिया ग्रामीण आवास देने का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि आज हम जशपुरवासियों के लिए बड़ा सौभाग्य का विषय है वनवासी कल्याण आश्रम में राष्ट्रीय पदाधिकारी की बैठक संपन्न हो रही है। मैं पढ़ाई लिखाई के बाद कल्याण आश्रम का कार्यकर्ता बना। वनवासी कल्याण आश्रम का ही आशीर्वाद है कि आज मुख्यमंत्री के रूप में आम जनता की सेवा कर रहा हूं। वनवासी कल्याण आश्रम के संस्थापक बाला साहब देशपांडे को नमन करता हूं ।




दिलीप सिंह जूदेव ने 1990 में पहली बार विधानसभा का टिकट दिया और जीत दिलाकर मध्य प्रदेश विधानसभा भेजा। मेरा राजनीतिक सफर अभी चल रहा है मैं इसके पहले दो बार विधायक, चार बार लोकसभा सांसद, तीन बार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बना और अब आज मुख्यमंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ की जनता की सेवा कर रहा हूं। दोनों महापुरुषों का आशीर्वाद मुझ पर बना हुआ है। 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ। जो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की देन है जिनके कार्यकाल में राज्य का निर्माण हुआ ।15 साल डाक्टर रमन सिंह के नेतृत्व में हमारी पार्टी की सरकार रही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 12 लाख किसानों को 2 साल के धान के बकाया बोनस की राशि 25 दिसंबर को अटल जी के जन्म दिवस सुशासन दिवस के अवसर पर 3716 करोड रुपए किसानों के खाते में अंतरित की गई ।हमने यह अभी वादा किया है कि लोकसभा चुनाव के पहले समर्थन मूल्य पर उपार्जन की राशि 917 रुपए के अंतर की राशि 13000 करोड रुपए किसानों के खातों में 12 मार्च को देंगे। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश के 70 लाख से अधिक माताओं को 7 मार्च को प्रथम किश्त की राशि रूपए 1000 के मान से उनके खाते में अंतरिम कर देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेंदूपत्ता प्रति मानक बोरा अब 5500 की दर से पारिश्रमिक देंगे। चरण पादुका योजना फिर से लागू की जाएगी। वनवासी कल्याण आश्रम ने आज मेरा सम्मान किया आज इस परिवार के बीच आकर मैं अभिभूत हूं।

# महतारी वंदन में आधार लिंक कराने रविवार को भी बैंक खुले रहे



राजनांदगांव। कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को बैंकों में अपने आधार लिंक कराने के लिए बैंकों को रविवार शासकीय अवकाश के दिन भी खोले रखने का निर्देश दिया गया था जिसके पालन में शहर के ज्यादातर बैंक खुले देखे गए। उक्त बैंकों में बड़ी संख्या में महतारी वंदन योजना का लाभ प्राप्त करने वाली महिलाएं आधार नं. लिंक कराने महिलाए उपस्थिति रही जिससे बैंकों में चहल पहल देखी गई। सूत्रों की माने तो राजनांदगांव जिले में महतारी वंदन योजना के तहत 2 लाख 58 हजार 937 महिलाओं ने पंजीयन कराया जिसमें दो लाख 58 हजार का एप्रुवल हुआ है। 364 रिजेक्ट हुए है।

○ बैंकों में रही महिलाओं की भीड़
○ बैंकों की ओर दौड़ लगाने महिलाएं बाध्य

बता दे कि कलेक्टर श्री अग्रवाल द्वारा बैकर्स को 5 मार्च तक महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन हेतु विशेष काउंटर व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके तहत रविवार को बैकों में उक्त से सम्बंधित कामकाज हुए वही कल 5 तारीख तक महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन हेतु विशेष काउंटर व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। बताया जाता है कि जिले में बैंकों के माध्यम से महतारी वंदन योजना का लाभ पाने महिला हितग्राहियों के आधार उसके बैंक खातों से लिंक कराने हेतु 13 हजार 614 का लक्ष्य शेष इनमें से बहुत से बैंक खातों में रविवार को आधार लिंक हुए होंगे जिसकी आकड़ा अभी सामने नहीं आया है। बैंकों के माध्यम से आधार लिंक के कार्य को कल 5 मार्च तक पूरा किया जाना है। जानने में आ रहा है कि जिन महिला हितग्राहियों का उनके बैंक खातों में आधार लिंक हो गया है। उन्हें और भी पर्चा थमाया जा रहा है। जिसे अपने बैंक खाते की फोटो कापी व आधार कार्ड की फोटो कापी के साथ सम्बंधित बैंक में जमा करनी है। इससे महिलाएं बैंकों की ओर दौड़ लगाने बाध्य है।

# पल्स पोलियो अभियान : मुख्यमंत्री ने बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा



रायपुर। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की आज से शुरुआत हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अपने गृह ग्राम बगिया में नन्हे बच्चों को पोलियो की दो बून्द पिलाकर इस राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत की। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस दौरान अपने निवास स्थान से बच्चे दिव्यांश यादव, डेविड साय एवं शीतल पैकरा को गोद में लेकर ड्रॉप पिलाया। मुख्यमंत्री श्री साय ने अभिभावकों से आव्हान करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को दो बूंद जिंदगी की खुराक अवश्य पिलाये ताकि कोई भी बच्चा छूटे न।

ज्ञात हो कि आज राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 3 मार्च 2024 को आयोजित किया जा रहा है। पल्स पोलियो अभियान तीन दिवस तक चलाया जायेगा। प्रथम दिवस 3 मार्च को पोलियो बूथ पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। 04 एवं 05 मार्च को टीम सदस्यों द्वारा घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो पिलाया जायेगा। स्वास्थ्य केन्द्र एवं आगनबाड़ी केन्द्रों को पोलियो बूथ बनाया जायेगा एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानीन के माध्यम से टीम का गठन किया गया है।

# महासमुंद में 8 करोड़ से अधिक का गांजा पुलिस ने जब्त किया

महासमुंद। महासमुंद में अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट पर पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है. ये तस्कर ओडिशा का गांजा महासमुंद के रास्ते महाराष्ट्र में खपाने की फिराक में थे. इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने 8 करोड़ रुपए के गांजे के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है.



### ओडिशा का गांजा महाराष्ट्र भेजने की थी तैयारी

दरअसल, ये पूरा मामला महासमुंद जिले के सिंघोड़ा थाना क्षेत्र का है. यहां पुलिस को सूचना मिली थी कि ओडिशा से छत्तीसग? के रास्ते महाराष्ट्र भारी मात्रा मे गांजा का परिवहन होने वाला है. सूचना पर महासमुंद पुलिस ने अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट रेहटी खोल पर लगातार वाहनों की जांच की. इसी दौरान एक ट्रक को पुलिस ने शक के आधार पर रोका. ट्रक में दो लोग सवार थे. दोनों महाराष्ट्र के रहने वाले हैं. इनका नाम अविनाश मस्के और संतोष पवार है.

### 8 करोड़ से अधिक का गांजा जब्त

पुलिस ने दोनों से पूछताछ की. सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया. पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया कि वाहन के पीछे डाला में खाली कैरेट के नीचे गांजा रखा हुआ है. इस गांजा को ओडिशा से महाराष्ट्र ले जाकर खपाने की फिराक में थे.

0 तस्कर ओडिशा का गांजा छत्तीसगढ़ के रास्ते महाराष्ट्र में खपाने की फिराक में थे
0 पुलिस ने दो गांजा स्मगलर्स को गिरफ्तार किया है

पुलिस ने दोनों के बताए अनुसार जब वाहन को चेक किया तो वाहन से 50 बोरियों में 862 पैकेट मिला. इन पैकेट्स में 1725 किलोग्राम गांजा था, जिसकी कीमत 8 करोड़ 62 लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है. पुलिस ने गांजे के साथ ट्रक को जब्त कर लिया है. इसके साथ ही आरोपियों के खिलाफ सिंघोड़ा थाने में एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है.

बता दें कि अक्सर महासमुंद में ओडिशा का गांजा पकड़ा जाता है. इसी रास्ते को तस्कर दूसरे राज्यों तक गांजा पहुंचाने के लिए इस्तेमाल करते हैं. लगातार ऐसे मामलों में पुलिस कार्रवाई करती है. हालांकि यहां नशीले पदार्थों की तस्करी का काम कम होने का नाम नहीं ले रहा है.

*मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर एक ट्रक को रोक कर पूछताछ की गई. ट्रक से 8 करोड़ से अधिक का गांजा बरामद किया गया. पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है.*

**-आकाश राव गिरपुंजे, एएसपी महासमुंद**

# जिला किसान मोर्चा मंडल ग्रामीण की संयुक्त बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

बालोद (दावा)। जिला भाजपा कार्यालय जुंगेरा बालोद में 1 मार्च को जिला किसान मोर्चा एवं ग्रामीण भाजपा मंडल बालोद के संयुक्त रूप से बैठक रखी गई जिसमें किसान मोर्चा की ओर से आगामी 9 मार्च को वृहद किसान सम्मेलन राजधानी रायपुर में आयोजित होना तय हुआ है। जिसके लिए आने-जाने की व्यवस्था सहित पूरी रूपरेखा बनाई गई। जिसमें प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू ने संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए अपनी बात रखी वहीं ग्रामीण मंडल बालोद के द्वारा मंडल के समस्त बूथ हेतु लाभार्थी संपर्क प्रभारी बनाया गया उनके लिए कार्यशाला का भी आयोजन था। जिसमें उनका बूथ में जाकर के लाभार्थी से कैसे संपर्क करनी है मोदी जी की योजना का कैसे लाभ मिला और कैसे परिवर्तन हुआ इन सदस्यों को लेकर के आगामी 5 दिनों के अंतर्गत सभी प्रभारी गण बूथों में जाएंगे और उनको जो भी पत्र दी गई है उसे पत्र का वितरण करेंगे साथी उनसे फीडबैक लेकर के दिल्ली भेजी जाएगी। इस बैठक में प्रमुख रूप से जिला भाजपा के अध्यक्ष पवन साहू किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष तोमन साहू मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू वरिष्ठ नेता छगन देशमुख जिला उपाध्यक्ष राकेश यादव जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू, प्रदेश कार्य समिति किसान मोर्चा सालिक जगदीश देशमुख जिला महामंत्री हेमंत साहू, मनोहर सिन्हा, मण्डल महामंत्री दानेश्वर मिश्रा, चित्रसेन साहू के साथ साथ जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष रमेश सोनवानी, लीलाराम सोनबेर, मदन बठई, रोमन सोनकर, दिनेश साहू, गणेश साहू, पन्नालाल साहू, उमेश विश्वकर्मा, सुरेश देशमुख, शंकर साहू, संदीप बाजपेई, शिवेंद्र देशमुख, अश्ववान बराले, कमलेश गौतम, गौतम साहू, पार्थ साहू, छगान साहू, लिखन साहू, राजू पटेल, साबू पटेल, अरुण साहू, संदीप साहू, विकास साहू, भोला साहू आदि उपस्थित रहे।

# लिटिया से बागतराई पहुंच मार्ग जर्जर, हो रही दुर्घटनाएं... ग्रामीणों में आक्रोश





राजनांदगांव (दावा)। शहर से कुछ दूरी पर स्थित ग्राम लिटिया से बागतराई जाने वाली सड़क इन दिनों दुर्दशा की शिकार है। लगभग पूरी तरह जर्जर हो चुकी सड़क में लोगों को आवाजाही में परेशानी उठानी पड़ रही है। सड़क में उभर आए दर्जनों गड्ढे व उबड़-खाबड़ की स्थिति से दोपहिया वाहन सवार आए दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे है। इससे ग्रामवासियों में ग्राम पंचायत के सरपंच के खिलाफ आक्रोश बढ़ते जा रहा है। ग्रामवासियों की शिकायत है कि सरपंच अजय वर्मा प्रायः अपने सरपंची क्षेत्र से नदारत रहते है। इसलिए पंचायत के जर्जर सड़क से लेकर अन्य कार्य रूके पड़े है। ग्रामीणों की सबसे ज्यादा शिकायत लिटिया से बागतराई जाने वाली पहुंच मार्ग को लेकर है। उक्त मार्ग अत्यधिक जजर्रावस्था में होने के कारण ग्रामवासियों के आवागमन के लिए सिर दर्द बना हुआ है। आक्रोशित ग्रामवासी उक्त सड़क की परेशानियों को लेकर लाभबंद हो रहे है व कभी भी लिटिया से लेकर बागतराई की उक्त जर्जर सड़क निर्माण की मांग को लेकर सड़क पर आ सकते है। इधर अपने ग्राम पंचायत से बाहर रह रहे सरपंच अजय वर्मा ने बताया कि काम के सिलसिले में इन दिनों वह बाहर है लेकिन ग्राम पंचायत से सम्बंधित कार्यों को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लिटिया से बागतराई जर्जर सड़क के निर्माण को लेकर टेंडर हो चुका है। लेकिन दुर्ग का ठेकेदार काम चालू ही नहीं किया है। मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत उक्त सड़क निर्माण का कार्य किया जाना है जिसे 15 अप्रेल तक कार्य पूर्ण करना है, लेकिन अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

# आसाराम बापू की रिहाई को लेकर अनुयायियों ने रैली निकाली




राजनांदगांव(दावा)। जेल में सजा काट रहे आसाराम बापू के समुचित उपचार और रिहाई की मांग को लेकर साधकों ने शहर में आम सभा और रैली का आयोजन किया. इस दौरान साधकों ने 'जो हमारे साथ नहीं है. हम चुनाव में उनके साथ नहीं' का नारा बुलंद किया

राजनांदगांव शहर के इमाम चौक पर महिला उत्थान मंडल की ओर से आम सभा का आयोजन किया गया. इस दौरान उपस्थित साधक-साधिकाओं ने कहा कि आसाराम बापू पर लगाए गए इल्जाम झूठे हैं. उन्होंने कहा कि नाबालिग बताई गई लड़की बालिग थी, और कई ऐसे साक्ष्य है जो इस मामले में आसाराम बापू को फंसाने की ओर इशारा कर रहे हैं. आयोजन के दौरान तृप्ति वैष्णव ने कहा कि पूरे मामले की सीबीआई जांच की जानी चाहिए. वहीं श्री योग वेदांत समिति के बाल संस्कार प्रभारी संजय साहू ने कहा कि बापू के साथ अन्याय हो रहा है. इस उम्र में भी वे जेल की सलाखों के पीछे है, जबकि कई संगीन अपराधी पैरोल और बेल में बाहर घूम रहे हैं. आम सभा के पश्चात शहर में रैली निकालकर साधकों ने एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, सुप्रीम कोर्ट के नाम से ज्ञापन सौंपकर आसाराम बापू के बेहतर इलाज के लिए उन्हें रिहा करने की गुजारिश की है.

# शराब को लेकर ढाबा में मारपीट, पीड़ित की शिकायत पर संचालक के खिलाफ एफ आई आर



डोंगरगढ़(दावा)। खैरागढ़ मार्ग पर स्थित ग्राम ढारा के पाल ढाबा में शराब के लेनदेन को लेकर पीड़ित व ढाबा संचालक के बीच वाद विवाद बढ़ने से मारपीट हुई। जिसकी शिकायत पीड़ित द्वारा पुलिस चौकी मोहारा में की गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर ढाबा संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार घटना 02 मार्च की है। पुलिस ने उपकार सिह उर्फ बाबी निवासी पाल ढाबा नितीन चौक भंडारपुर रोड़, उपकार सिंह बाबी के भाई निवासी डोंगरगढ़,उपकार सिंह उर्फ बाबी का भतीजा जो ढारा में रेडीमेन्ट कपड़ा दुकान वाला व अन्य उसके साथी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि,वह ग्राम ढारा में दिपांशु होटल के नाम से रेस्टोरेंट चलाता है। हम लोग दो भाई है, मेरा भाई राजेन्द्र लकड़ी का ठेकेदारी का काम करता है। जो अपना काम करके भंडारपुर के तरफ से ढारा मोटर सायकल से अपने घर आ रहा था। की दिनांक 02 मार्च के 11:00 से 12:00 बजे के मध्य पाल ढाबा वाले के साथ पूर्व में विवाद के बातो को लेकर उपकार सिंह उर्फ बाबी अपने भाई, भतीजा एवं अपने अन्य साथियों को लेकर स्वीपट कार में करेला खार के पास खड़ा था।

जैसे ही मेरा भाई राजेन्द्र आया तो रास्ता रोककर कहा की तू मेरे ढाबा मे आकर धमकी दिया है। कहकर अपने कार मे रखे डंडा तथा हकी स्टीक निकालकर मेरे भाई को जान से मारने की धमकी देते हुए चेहरा सिर पैर मे मरपीट कर गंभीर चोट पहुंचाये है। जिससे मेरे भाई का पैर में फैक्चर हो गया है। तथा शरीर में भी चोटे आई है।सुचना मिलने पर पुलिस के मदद से उपचार के लिये ले गये है। धारा 341, 294, 323, 506, 325, 34 भादंवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# वित्तमंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर टैक्स चोरी करने वालों पर लगातार जारी है कार्रवाई



रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य जीएसटी के ई वे बिल जांच दल ने दिनांक 1 मार्च को चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध वाहन का पीछा कर दुर्ग जिले के चंद्रखुरी में संचालित अघोषित गुटखा फैक्ट्री में कार्रवाई की।

इससे पहले संदिग्ध वाहन चालक ने जीएसटी जांच दल को चकमा देने की पूरी कोशिश की और पहचान छिपाने के लिए पैकिंग मटेरियल को जला दिया, हालांकि जांच दल के सदस्य फिर भी गुटखा फैक्ट्री तक पंहुच ही गए। अवैध गुटका फैक्ट्री मे बड़ी मात्रा में प्रतिष्ठित ब्रांड गुटखा कंपनियों के रैपर तथा गुटखे का कच्चा माल, सुपारी तंबाखू आदि बरामद गया है। फैक्ट्री में अवैध गुटका बनाने में इस्तेमाल की जा रही मिक्सर मशीन भी मिली है। यह फैक्ट्री कोमल फूड्स के नाम से संचालित थी।

**एक सप्ताह में जीएसटी विभाग ने कार्रवाई कर 8 करोड़ रुपए कराए जमा**

जीएसटी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इसी व्यवसायी के राजनांदगाँव स्थित फैक्ट्री को भी जांच के दायरे मे लिया गया है। यहाँ भी गुटखा निर्माण करने के साक्ष्य मिले हैं।

गौरतलब है की वित्त एवं जीएसटी मंत्री ओपी चौधरी ने मोदी की गारंटी के अंतर्गत विकसित छत्तीसगढ़ बनाने और अगले पांच वर्षों में राज्य की जीडीपी को 10 लाख करोड़ रुपए पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

गुटखा पान मसाला और तंबाखू उत्पादों पर जीएसटी का स्लैब सर्वाधिक है। टैक्स के अतिरिक्त इन पर सैस भी लगता है, इसलिए इनमे कर चोरी की आशंका भी अधिक रहती है। स्टेट जीएसटी की टीम लगातार इस तरह के मामलों पर नज़र रख रही है।

जीएसटी विभाग द्वारा इसी सप्ताह तीन और व्यवसायियों की जांच कर लगभग 8 करोड़ रु. टैक्स जमा करवाया गया है। इन फर्मों में टैक्स की गड़बड़ी को आई टूल्स द्वारा फ्लेग किया गया था। इन सभी के द्वारा पिछले तीन सालों से आईटीसी क्लेम ज्यादा करते हुए टैक्स कम जमा किया जा रहा था। जांच के दौरान स्टॉक में भी बड़ी मात्रा मे अंतर पाया गया।

# महाशिवरात्रि मेला कमरौद की तैयारी जोरों पर




बालोद (दावा)। ग्राम कमरौद में 7 व 8 मार्च को महाशिवरात्रि मेला महोत्सव जय बजरंगबली मंदिर समिति ग्राम कमरौद के द्वारा आयोजित है। इसमें दो दिनों तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। जय बजरंगबली मंदिर समिति एवं समस्त ग्रामवासी के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में 7 मार्च को जहां दीप प्रज्वलन, रुद्राभिषेक, यज्ञ अभिषेक आदि होंगे, वहीं 8 मार्च को विशाल मेला का आयोजन होगा।

दो दिवसीय महाशिवरात्रि मेला का शुभारंभ 7 मार्च को सुबह 11 बजे से होगा। इस अवसर पर दीप प्रज्वलन, विधि पूजन, अनुष्ठान, रुद्राभिषेक यज्ञ, अभिषेक होगा। वही आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षिका अर्जुंदा श्रीमती साक्षी मिश्रा होंगी। अध्यक्षता ग्राम प्रमुख खिलानंद पटेल करेंगे। विशेष अतिथि पूर्व जनपद सदस्य कमरौद लाजपत साहू, सेवानिवृत्ति शिक्षक समय लाल भुवार्य, ज्ञान दास गैंड्रे, हरिकिशन साहू, ईश्वर साहू, दयालू राम कंवर होंगे। इस अवसर पर प्रात 11 बजे से जय बजरंग मानस परिवार ग्राम कमरौद, दोपहर 1 बजे से जय सरस्वती महिला मानस परिवार ग्राम मोहलई, दोपहर 3 बजे से शिव आदर्श मानस परिवार ग्राम कुर्दी, रात्रि 9 बजे से श्री कृष्ण रामधुनी गायन मंडली चंदिया (डोंगरगांव) की प्रस्तुति होगी।

### 8 मार्च को होगा विशाल मेला, रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम

महाशिवरात्रि मेला के अवसर पर 8 मार्च को विशाल मेला का आयोजन होगा। प्रातः 11 बजे से श्री संगम मानस परिवार सिंगारपुर, दोपहर 3 बजे से जय बजरंग रामधुनी मंडली डोटोपार गुरुर की प्रस्तुति होगी। रात्रिकालीन कार्यक्रम में लोक कला मंच धरोहर, महादेव हिरवानी कृत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। 8 मार्च को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती चमेली बाई पटेल सरपंच ग्राम पंचायत कमरौद होंगी। अध्यक्षता सुशील बरडिया पूर्व जनपद सदस्य करेंगे। विशेष अतिथि सेवानिवृत शिक्षक विश्राम साहू, सरपंच ग्राम पंचायत पिरिद अवध राम साहू, सरपंच ग्राम पंचायत कोंगनी डेमिन साहू, सरपंच ग्राम पंचायत सांकरा वारुणी देशमुख, सरपंच ग्राम पंचायत कुर्दी संजय साहू, पिरिद निवासी डॉक्टर भूपेंद्र कुमार पटेल होंगे।

### आयोजन की तैयारी में जुटी है समिति

महाशिवरात्रि मेला कमरौद का आयोजन जय बजरंगबली मंदिर समिति कमरौद एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से होता है। आयोजन की तैयारी को लेकर पूरे समिति के लोग जुटे हुए हैं। इनमें अध्यक्ष पुनीतराम देशलहरे, कोषाध्यक्ष विशंभर चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष सुरेंद्र पटेल, सचिव बृजकिशोर साहू, सदस्य भूषण चतुर्वेदी, पेमेंद्र साहू, दीनूराम कंवर, लखन ठाकुर, विनोद कुमार यदु, ईश्वर यदु, रुपेश पटेल, बलराम साहू, कामता प्रसाद साहू, अरुण साहू, भवन पटेल व पुजारी दुर्गा प्रसाद पांडे आदि जुटे हुए हैं।

## अनमोल दावा

**स्वीकार करने की हिम्मत और सुधार करने की नियत हो तो इंसान दुनिया में कुछ भी कर सकता है।**

# गरीबी के पैमाने को लेकर सरकार का तर्क विवादों के घेरे में

चालू वित्तवर्ष की तीसरी यानी दिसंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 8.4 फीसद दर्ज हुई है। यह निस्संदेह उत्साहजनक आंकड़ा है। यह भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान से कहीं अधिक है। इस तरह चालू वित्तवर्ष का सकल घरेलू उत्पाद सारे अनुमानों से अधिक रहने वाला है। रिजर्व बैंक ने अपना पुराना अनुमान बदल कर इसे 7.6 फीसद कर दिया है।

हालांकि रिजर्व बैंक ने माना था कि तीसरी तिमाही में आर्थिक विकास दर आठ फीसद के आसपास रहेगी, मगर चौथी तिमाही में इसके छह फीसद के नीचे रहने का अनुमान है। तिमाही में विकास दर ऊंची रहने के पीछे विनिर्माण क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन, कर संग्रह में बढ़ोतरी और सबसिडी खर्च में कमी को मुख्य कारण माना जा रहा है। पांच लाख करोड़ डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के सरकार के इरादे को निश्चित रूप से इससे बल मिलेगा।

मगर इस आर्थिक विकास दर की परत-दर-परत पड़ताल करें, तो कई असंगत स्थितियां भी नजर आती हैं। आर्थिक विकास दर के ऊंची रहने के बावजूद आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों- कोयला, इस्पात, बिजली, कच्चा तेल, रिफाइनरी, प्रकृतिक गैस, उर्वरक और सीमेंट- में विकास दर सुस्त दर्ज हुई है। इसके समांतर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करीब तेरह फीसद घटा है। माना जाता है कि तेज अर्थव्यवस्था वाले देशों की तरफ विदेशी प्रत्यक्ष निवेश अपने आप आकर्षित होता है। इस वक्त जब दुनिया मंदी के दौर से गुजर रही है, तब भारतीय अर्थव्यवस्था का रुख ऊपर की तरफ बना हुआ है। दवा उत्पादन, सेवा, दूर संचार जैसे कुछ क्षेत्रों में विकास की संभावनाएं अधिक आंकी जाती रही हैं। मगर सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद इन क्षेत्रों में भी अगर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित नहीं हो पा रहा है, तो इसे अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत नहीं माना जा सकता। जिस समय औद्योगिक गतिविधियां ठप्प थीं, उस समय भी भारतीय कृषि क्षेत्र ने अर्थव्यवस्था को लड़खड़ाने नहीं दिया था। मगर आर्थिक विकास दर में इसका योगदान लगातार घटता नजर आ रहा है। जाहिर है, इस क्षेत्र को उचित प्रोत्साहन नहीं मिल पा रहा। इससे आने वाले समय में महंगाई की दर ऊंची रहने की आशंका बनी रहेगी। महंगाई पर काबू पाना पहले ही सरकार के लिए चुनौती बना हुआ है। रिजर्व बैंक रेपो दरों के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं करना चाहता। पिछले आंकड़ों में सबसे अधिक महंगाई सब्जियों, दूध, फल और अंडे वगैरह की कीमतों में दर्ज की गई थी। ऊंची विकास दर के समांतर यह सवाल भी लगातार बना हुआ है कि इसी अनुपात में लोगों की क्रयशक्ति क्यों नहीं बढ़ पा रही। क्रयशक्ति न बढ़ने से घरेलू बाजार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कुछ दिनों पहले जारी हुए उपभोग खर्च संबंधी आंकड़ों से जाहिर है कि लोगों का घरेलू खर्च बढ़ कर दो गुना हो गया है, जबकि उनकी आमदनी में उत्साहजनक बढ़ोतरी नहीं हो पाई है।

गरीबी के पैमाने को लेकर भी अंगुलियां उठती रही हैं, जिसके आधार पर करीब तेईस करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकालने का दावा किया जा रहा है। अब तो योजना आयोग का कहना है कि केवल पांच फीसद लोग ही गरीब हैं। जबकि इसका दूसरा पहलू यह है कि सरकार खुद करीब अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज वितरित करने का श्रेय लेती है। ऐसे असंगत आंकड़ों के साथ आर्थिक विकास दर के ऊंची रहने से देश की वास्तविक तरक्की का चेहरा स्पष्ट नहीं हो सकता।

# राजनीति पर हावी धर्म

धर्म की इतनी 'महत्ता' तो है कि इस का उन्माद पूरे देश या पूरी कौम को अंधा बना सकता है। इतिहास ऐसी घटनाओं से भरा है जिन में धर्म के नाम पर लाखों को मारा गया। हजारों घर जलाए गए, औरतों से बलात्कार किए गए, बच्चों के पैदा होते ही धर्म के दुकानदार घरों और परिवारों पर हमला कर देते हैं, और फिर तर्क, तथ्य, अर्थ व धर्म के घिसेपिटे आदेशों के अनुसार बच्चों को पाला जाता है। बड़े हो कर वे अपने बच्चों के साथ वही करने लगते हैं जो उन के साथ किया गया था।

यह आश्चर्य की बात है कि हर पीढ़ी में कुछ लोग ऐसे हुए जिन्होंने धर्म की ज्यादती सहने से इनकार कर दिया और एक अपना ठोस रास्ता अपनाया चाहे उस में उन्हें धर्म का कोप सहना पड़ा, हर समाज ने हर युग में ऐसा किया और इसी का नतीजा है कि आज मानव सभ्यता तरहतरह के नए अनुसंधानों व खोजों का लाभ उठा रही है।

हर देश में, अफसोस है, कुछ लोग बारबार सूई को उलटा घुमाने की कोशिश करते रहते हैं. इस में धर्म का धंधा चलाने वालों का बड़ा फायदा है क्योंकि उन की कमाई इसी पर आधारित है कि धर्म के नाम पर अंधे अपनी सुरक्षा व मानसिक शांति के लुभावने लच्छेदार वादों पर मोटा दान करें व मोटी दक्षिणा दें। आज 2024 में 2 युद्ध भयंकर पैमाने पर लड़े जा रहे हैं और दोनों में धर्म ही कारण है, रूस-यूक्रेन युद्ध में और्थोडौक्स क्रिश्चियन चर्च का हाथ है जिस में मास्को स्थित सैंटर अपने से अलग हुए यूक्रेन के सैंटर को सबक सिखाना चाहता है. रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को मास्को के चर्च के किरिल ने ही युद्ध के लिए उकसाया था।

फिलिस्तीन और इजराइज का युद्ध पुराने इसलामी अरबों और यहूदी- इजराइली युद्धों को दोहरा रहा है। आज पूरा पश्चिम एशिया सुलग रहा है क्योंकि यूरोपीय ताकतों के जाने के बाद इस क्षेत्र के नाम पर खड़े हुए नेताओं ने मसजिदों के सहारे ताकत छीन ली और ऐसी छीनी कि इन देशों की जनता अपनों की ही गुलाम हो गई है।

भारत ने एक बड़ा विभाजन 1947 में धर्म के नाम पर देखा और आज तक उस का जहरीला कैंसर हमारी प्रगति में आड़े आ रहा है, पाकिस्तान अपने पड़ोसी अफगानिस्तान की राह पर चल रहा है जहां सेनाओं के सहारे कट्टर धर्मनेताओं की चलती है। धर्मों ने शांति फैलाई हो, ऐसा नहीं लगता. शांतिप्रिय बौद्ध धर्म को मानने वाले राजाओं ने भी खूब युद्ध किए हैं, भारत में ही नहीं, वहां भी जहां बौद्ध धर्म पहुंच गया था।

आज भारत फिर धर्म की दलदल में धंस रहा है, धर्म राजनीति और परिवार पर हावी हो चुका है। धर्म के नाम पर देश बंट रहा है. हमारी प्राथमिकताएं बदल रही हैं, यूरोप और अमेरिका में भी कुछ देशों में ऐसा ही हो रहा है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की संभावित जीत चर्च की जीत होगी और पक्का है कि ट्रंप के फैसले चर्चों को चलाने वालों की गुफाओं से निकलेंगे।

इसकी कीमत समयसमय पर आम लोग देते रहे हैं जिन में धर्म के मानने वाले और उदासीन दोनों शामिल रहे हैं, यह अब गंभीर होता जा रहा है. भारत भी अब अफगानिस्तान और ईरान की राह पर है।

### झूठ पर राजा का राज

अभिव्यक्ति यानी बोलने की आजादी को जला डालने के लिए सरकारी नियमकानून या पुलिसिया आदेश अब केंद्र या राज्य सरकारों के गलियारों से नहीं निकलते। सरकारों ने अब दूसरा तरीका ढूंढ लिया है, सत्तारूढ़ पार्टी अपने आम भक्तों से कहती है कि विपक्षियों के किसी के बयान को मानहानि या धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने या देशद्रोही होने वाला ठहरा कर अपने पास के थाने में रिपोर्ट लिखवा दो। प्रशासन में बैठे लोग इस लिखित या डिजिटल या बोले गए कथन के लिए सत्ता में बैठे अपने आकाओं के इशारे पर मुकदमा दर्ज कर लेते हैं और फिर पुलिस का कहर चाल हो जाता है।

सीधे-सीधे इन में सरकार कहीं नहीं होती, यह हर नागरिक का हक है कि वह अपने पर हुए किसी तरह के अपराध पर एफआईआर दर्ज करा सकता है और पुलिस का काम है कि उस दर्ज रिपोर्ट पर छानबीन करे। पुलिस बलात्कार, हत्या, लूट, डकैती, सामूहिक दंगे की रिपोर्ट दर्ज ही न करे या दर्ज करने पर कोई छानबीन न करें, यह उस की मरजी है। सरकार के खिलाफ कही गई हर बात पर आदेश मिल जाता है कि कहने लिखने वाले को तुरंत गिरफ्तार कर लो और जांच के नाम पर जेल में डाल दो। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व सांसद राहुल गांधी को इसी तरह के मुकदमों में फंसाया जा रहा है और एक मामले में तो गुजरात उच्च न्यायालय ने भी इस कानूनी हथकंडे व धौंस पर अपनी मोहर लगा दी क्योंकि राहुल गांधी ने नीरव मोदी, ललित मोदी जैसों पर देश से भाग जाने का आरोप लगाया था जिस को ले कर नरेंद्र मोदी के समर्थकों को बुरा लगा था।

अभी हाल में सुप्रीम कोर्ट ने तेजस्वी यादव को छूट दी कि जब उस ने, गुजराती ठग हो सकते हैं, वाला अपना बयान वापस ले लिया तो मुकदमा चलाने की जरूरत नहीं है, असल में यह छूट तो ट्रायल मजिस्ट्रेट को ही दे देनी थी पर शासन की टेढ़ी नजर से भयभीत लोअर ज्यूडीशियरी भी पूरी तरह स्वतंत्र नहीं है और थोक में वह सरकार के पक्ष में आदेश देती है, उन आदेशों के कारण ही आज देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सब से नीचे और फ्रीडम औफ प्रैस इंडैक्स में भारत 180 देशों में 161वें स्थान पर है।

इस अभिव्यक्ति पर रोक का अर्थ है कि आम आदमी के पास अब सरकारी जबरदस्ती के खिलाफ बोलने का कोई हक नहीं रह गया, अधिकांश विचारक आज मुंह सिए हुए हैं कि न जाने क्या सच उन के मुंह से निकल जाए जो सरकार में बैठे लोगों की पोल खोलता हो।

हाल के धार्मिक बयानों पर हर तरह के तर्क दिए जा सकते हैं कि जो कहा जा रहा है वह कितना गलत है, कितना भ्रामक है और कितना उन ग्रंथों के विपरीत है जिन के आधार पर आराध्यों की पूजा करने के सरकारी आदेश जारी हो रहे हैं। सच बोलने वाले के खिलाफ ऐक्शन दिल्ली स्थित केंद्रीय गृह मंत्रालय से नहीं लिया जाएगा, सत्ता समर्थक आदमी किसी छोटे से गांव का होगा जो ऐसे पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराएगा जो बोलने वाले के घर से सैकड़ों मील दूर होगा। फिर कानून की आड़ में एक ही बात पर 10-20 मुकदमे अलग-अलग जगह से दर्ज कराए जाने की छूट भी है।

देश की जनता को आज केवल झूठ के गंदभरे रस के प्याले को पीने पर मजबूर किया जा रहा है। जनता को अब सच न पढ़ने को मिल रहा है, न देखने को, न सुनने को और न ही उस के पास सच कहने का हक ही रह गया है। पूरा समाज झूठ की नींव पर बनाया जा रहा है, जो सच जानते हैं उन पर कानून और पुलिस का फंदा लगाया जा चुका है, देश की हालत अफगानिस्तान, पाकिस्तान, ईरान और रूस से कोई खास ज्यादा अच्छी नहीं है। यह न भूलें कि जिस देश में राजा झूठ पर राज कर रहा हो वहां उस का हर मुलाजिम झूठ के सहारे अत्याचार करेगा ही, घरघर में झूठ फैलाया जाएगा और यही झूठ का तेजाब आज हमारे हर पतिपत्नी, परिवार, दोस्तों, निजी संबंधों में विश्वसनीयता की दीवारों को जलाए डाल रहा है। निया में 3 जगहें मुख्य मानी जा सकती हैं जहां धर्म का बोलबाला है। इन देशों के नागरिकों को धर्मजनित संतोष, सुख, अन्याय, युद्ध, भूख, गरीबी, नरसंहार झेलना पड़ रहा है. ये जगहें या देश हैं अफगानिस्तान, इजराइल और भारत. इन तीनों देशों में धर्म सत्ता पर चढ़ कर बैठ गया है और एक धर्म के कुछ लोग इस का लाभ उठा रहे हैं तो कई धर्मों वाले निशाने पर हैं।

धर्मों से औरतों के अधिकार कम हो हो रहे हैं, भारत में यूनिफॉर्म सिविल कोड के नाम पर युवतियों पर तरहतरह के बंधन थोपे जा रहे हैं ताकि हर काम धर्मसम्मत विधियों से हो जिस से धर्म के ठेकेदारों को मोटी दक्षिणा मिले, औरतों के अधिकार पौराणिक युग में कितने थे, यह पार्वती के पिता दक्ष द्वारा यज्ञ के आयोजन में पुत्री के पति शिव को न बुलाने का प्रसंग से साबित है। यह सैकड़ों प्रसंगों में से एक है, पार्वती को कोई उपाय नहीं सूझा कि वह पिता को राजी कर सके, इसलिए उसने योगाग्नि से अपने को भस्म कर लिया।

युवतियों को आज भी शिक्षा यही दी जा रही है कि जो काम करो, अपने पिता, पति या भाई के हुक्म से करो जैसे इस कथा में था वरना जलने की नौबत आ जाएगी। ईरान में कितनी ही लड़कियों को सिर्फ स्कार्फ के नीचे बाल दिखने पर मार डाला गया है, अफगानिस्तान में तालिबानियों के खौफनाक कृत्य अब तो खबरों में भी नहीं आ रहे क्योंकि वहां कोई विदेशी संवाददाता ही नहीं है।

अगर राममंदिर के बाद दूसरे मंदिरों को मस्जिदों की जगह बनाने की बात उठाई जा रही है तो असल में उद्धारक धर्म को हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है जैसे सदियों से हुआ, हिटलर ने धर्म की खातिर उन यहूदियों को भून डाला जिन की संतानें आज फिलिस्तीन में अरब मुसलिमों को टैंकों से रौंद रही हैं, धर्म उस के पीछे मुख्य कारण है।

### अफगानिस्तान में सत्ताधारी धार्मिक

लड़ाके यानी तालिबान अपने धर्म इस्लाम के ही लोगों पर वहशियाना अत्याचार कर रहे हैं, गरीबी और बीमारी से तो जनता त्रस्त है ही, नागरिक स्वतंत्रताएं भी नष्ट हो गई हैं। औरतों को धर्म के नाम पर घरों की चारदीवारियों में कैद किया जा चुका है, तालिबानियों ने इसलाम का मुखौटा ओढ़ कर अपना 'तथाकथित इसलाम' पूरे अफगानिस्तान में थोप दिया है. यह बड़ी बात है कि प्रमुख तालिबानियों के नेताओं ने अपने बच्चों को यूरोप, अमेरिका में भेज दिया है और उन्हें नियमित पैसे भी भेज रहे हैं।

सदियों दूसरों के निशाने पर रहे जूडाइज्म धर्म को मानने वाले यहूदियों ने अब अपना पुश्तैनी गुस्सा इजराइल में फिलिस्तीनी अरब मुस्लिमों पर उतारना शुरू किया है और 1948 से इजराइल और उसके आसपास का इलाका लगातार गोलियां व बमों को सह रहा है। हालांकि इजराइल सुखीसंपन्न है पर यह भरोसा नहीं कि कब कहां से छापामार फिलीस्तीनी हमला कर दें। फिलिस्तीनी तो हमेशा ही बंदूक के बैरल का सामना करते रहते हैं और उन के यहां स्वाभाविक मौतें कम होती हों, गोलियों से ज्यादा मरते हों तो बड़ी बात नहीं। भारत अब इन की गिनती में आ गया है राम मंदिर के नाम पर भाजपा को 2014 में वोट क्या मिले, उसने अपना पूरा जोर उसी शिगूफे पर लगा दिया और देश की राजसत्ता सिर्फ मंदिरमयी हो गई है। दिनभर में कोई घंटा ऐसा नहीं बीतता जब प्रधानमंत्री, कोई मुख्यमंत्री या कोई केंद्रीय मंत्री हिंदू धर्म का प्रचार करता नजर न आए, न्यूज चैनलों का काम यही रह गया है कि वे इन मंत्रियों के शब्दों को बढ़ाचढ़ा कर भोंपू की तरह फैलाएं और न केवल विधर्मियों के दिलों में दहशत पैदा करें बल्कि अपने धर्म के तार्किक व समझदार लोगों को भी डराएं। अरबों नहीं, खरबों रुपए आज भारत में धर्म के नाम पर खर्च किए जा रहे हैं क्योंकि शासनतंत्र उन हाथों में है जिन की पीढ़ियों ने सदियों से कमा कर नहीं खाया। उन्होंने तो धर्म के नाम पर पैसा और शासन दक्षिणा में पाया है और वे इस अचूक आजमाए फार्मूले को अब न्योछावर नहीं करना चाहते।

धर्म का नाम लेकर वोट दुनिया के हर कोने में हथियाए जाते हैं क्योंकि धर्म के केंद्र हर गांव, कसबे में हैं और हर जगह एकदो नहीं, बीसियों तरह के धर्म मौजूद हैं। ज्यादातर धर्म अब इस बात पर सहमत हो गए हैं कि आपस में लड़ने की जगह, मिलबांट कर लूटना अच्छा है। यही नहीं, अगर धर्मों को आगे रख कर तनाव पैदा होता भी है तो उस से भी सभी धर्मों के दक्षिणापात्रों में पैसा बढ़ता है, प्रचारक मुफ्त में मिलते हैं और धर्मगुरुओं को सेविकाएं धन देने के साथ अपने तन को परोसती भी हैं।

धर्म का इस्तेमाल दूसरे धर्मों के खिलाफ करना अब कम होने लगा है, क्रूसेड जैसे युद्ध जो 11वीं शताब्दी मे में हुए मुसलिम शासकों से उसे छुड़ाने के लिए किए गए थे जिन में दोनों तरफ के लाखों मरे थे। उन युद्धों में आंशिक सफलता मिली। येरुशलम पर ईसाई शासकों का असल कब्जा आधुनिक तकनीकों के आने के बाद 17वीं सदी में हो पाया था, पर सभी धर्मों के राजा स्वधर्मियों से लड़ते रहे और अपने नागरिकों को मरवाते रहे। ईसाई हिटलर ने द्वितीय विश्वयुद्ध में करोड़ों सैनिक मरवा डाले थे जिन में से अधिकांश ईसाई थे और कुछ जरमनी के साथ लड़े रहे थे, कुछ अमेरिका, इंगलैंड, फ्रांस आदि के साथ तार्किक, लोकतांत्रिक, वैज्ञानिक क्रांति ने जो लाभ दुनिया को पहुंचाया था वह अब बिखरने लगा है. वैज्ञानिक अब मजदूर बन कर रह गए हैं। पुराने जमाने के आर्किटैक्टों और शिल्पकारों की तरह पिरामिडों, चर्चों, मंदिरों, मसजिदों को बनाने वालों का नाम कहीं नहीं है बनवाने वाले राजाओं या धर्म के नाम 18वीं व 19वीं सदियों में वैज्ञानिकों के नाम हुआ करते थे, जो आज गायब हो गए हैं।

धर्म ने कभी पैरवी नहीं की कि औरतों को सुरक्षा दी जाए, झूठ, हिंसा, लूट न हो. धर्म ने सड़कें, पुल, सराएं, नहरें, शहर नहीं बनवाए, धर्म सिर्फ पूजा की जगह बनवाता है और उसका केंद्र कोई देवी, देवता, दीवार, प्रतीक नहीं होता, वहां बढ़ सा डब्बा होता है जिस में पैसे डाले जाते हैं. सभी धमों के मुखिया राजाओं की तरह रहते हैं बड़े आलीशान महलों में जबकि जनता ठंड, गरमी, बरसात, धूप में अधकच्चे मकानों में, ईश्वर कृपा करेगा भगवान भला करेगा, गौड विल टेक केसर आदि महावाक्य जनता को रातदिन सुझाए गए लेकिन दुनिया ने धर्म के नाम पर अनाचार और अत्याचार ही झेला। पिछली 3-4 सदियों में वैज्ञानिक, वैचारिक व तार्किक क्रांतियां हुईं जिन के नतीजे में बहुत सी सुविधाएं तकनीक के कारण मिलीं, धर्म के सहारे नहीं, पर अब सूई वापस लौटने लगी है। धर्म का इस्तेमाल उन कामों के लिए किया जा रहा है जिन्हें अधर्म कहा जाता है। हालांकि, सच यह है कि हर धर्म में ऐसी किताबें हैं जिन में उसी धर्म के प्रतिष्ठित देवीदेवता, प्रवक्ता ने ऐसे काम किए जिन में छल, कपट, हिंसा, भेदभाव, झूठ शामिल हैं। वह अधर्म आज भी दिख रहा है, धर्म का नाम ले कर सत्ता के घोड़ों पर सवार शासकों में भी और आम जनता में भी ईरान, अफगानिस्तान, श्रीलंका, पाकिस्तान, सऊदी अरब, भारत ही नहीं, अमेरिका, यूरोप तक ऐसे मामले रोज सामने आ रहे हैं, उन्हें दबाया जाता है पर वे धर्म की पोल उसी तरह खोलते रहते हैं जैसे धर्म अपना खोल सारी जनता के दिमाग पर फैलाता रहता है। भारत आज अफगानिस्तान, पाकिस्तान, ईरान, सऊदी अरब जैसा बन चुका है जहां सरकारें धर्म की रक्षा के लिए हैं, जनता के हित के लिए नहीं, इसके लिए पैसा वे गरीब दे रहे हैं जो मेहनत कर रहे हैं, देश से बाहर जा कर कमा रहे हैं। इन 4-5 देशों में फर्क यह है कि सऊदी अरब और ईरान जमीन से निकलने वाले तेल के कारण अकड़ते हैं, इजराइल अपने लोगों की प्रतिभा के कारण पनपता रहा है पर अफगानिस्तान और पाकिस्तान बढ़ती जनसंख्या के कारण भूखे मर रहे हैं। भारत अपने मजदूरों को लूट कर बड़ी ताकत बन चुका है पर इस के आम लोग फटेहाल हैं।

ये 4-5 देश धर्म के शिकार हैं, धर्म इन्हें लूटता है, बल नहीं देता, इन देशों में जनता धर्म की शिकार है, शासकों का छोटा या बड़ा गुट मौज कर रहा है बिना किसी जवाबदेही के जवाब तो मरने के बाद भावनाओं को देना है न, जो हर धर्म की अलग हैं। **सरिता से साभार**

# मन में बसे हैं राम 84 : स्वयंवर में श्री राम की सफलता के लिए सीता जी की प्रार्थना

**डॉ.योगेंद्र कुमार पांडेय**



सभी की दृष्टि गौतम ऋषि के सुपुत्र और पुरोहित सदानंद जी की ओर है। वे अब जल्दी ही कोई घोषणा करने जा रहे हैं।

इसी बीच माता और पुत्री के बीच संवाद जारी है।

''क्या सोचने लगी सीता?'' माता ने पूछा।

''कुछ नहीं मां!''

श्री राम का स्वयंवर में पहुंचना एक दैवीय संयोग था और इसके शुभ संकेत देवी सीता को पिछले दो दिनों में ही मिलने लगे थे।

''धत! मैं उनके विषय में आवश्यकता से अधिक चिंतित क्यों हो रही हूं? पर अगर यह माता भवानी की इच्छा से हो रहा हो तो मुझे आज उनकी सफलता की कामना क्यों नहीं करनी चाहिए?'' सीता जी मन ही मन स्वयं को समझाने लगीं।

''हे माता! ज्येष्ठ कुमार जैसा चाहते हैं, वैसा ही हो। आप उन्हें सफलता प्रदान करें। पिताश्री का यह आयोजन सफल हो और इससे हमारे मिथिला राज्य की कीर्ति का विस्तार हो।'' सीता जी ने हाथ जोड़कर और अपनी आंखें बंदकर मन ही मन ईश्वर से प्रार्थना की।

थोड़ी देर बाद सीताजी की बहन उर्मिला ने उनसे धीरे से कहा।

''दीदी! अब प्रार्थना ही करती रहेंगी या

## विचार सरिता



कार्यक्रम की गतिविधियों को भी देखेंगी और सुनेंगीं?''

अभी भी सीता जी की आंखें बंद हैं।

मंच के पास विशेष अतिथियों की दीर्घा में विराजमान श्री राम और लक्ष्मण जी में भी आपस में बातें हो रही हैं।

''यह कैसा अद्भुत आयोजन हो रहा है भैया! आप और मैं निकले तो थे अपनी अयोध्या से पैदल, केवल हाथ में धनुष और बाण लेकर, लेकिन यहां एक बड़े राजकीय आयोजन में पहुंच गए हैं, और वह भी अतिथि बनकर।'' लक्ष्मण जी ने श्री राम से कहा।

मुस्कुराते हुए श्री राम ने उत्तर दिया, ''यह पिताजी का आदेश और गुरु की कृपा है लक्ष्मण, कि ऐसे भव्य आयोजन का साक्षी बनने का अवसर प्राप्त हो रहा है।''

''केवल साक्षी क्यों भैया? हमारी इच्छा शिव धनुष को नजदीक से देखने की थी, और मुझे तो लग रहा है कि इस आयोजन में आगे चलकर एक ऐसा समय आएगा, जब आप न सिर्फ शिव धनुष के समीप होंगे, बल्कि जैसा हम सुन रहे हैं, राजा जनक की कठिन शर्त को भी आप अनायास पूरा कर देंगे।'' लक्ष्मण जी ने कहा।

अभी श्री राम की दृष्टि अपने हाथ जोड़कर और बंद आंखों से प्रार्थना करती हुई जानकी जी के मुख मंडल पर केंद्रित हो गई थी। लक्ष्मण जी के ऐसा कहने पर कोई उत्तर देने के बदले श्री राम ने शतानंद जी की ओर संकेत किया। उधर सीता जी ने अपनी आंखें खोलीं और उर्मिला जी तथा उनका ध्यान शतानंद जी की ओर गया।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस मौलिक रचना में रामकथा का मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## राशिफल



**मेष**

आज थोड़ी-सी मेहनत से बड़ा मुनाफा मिलेगा। आज आप समाज के कामों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। वाहन खरीदने के लिए आज का दिन बहुत शुभ है। छोटे बच्चों को गिफ्ट मिल सकते हैं, जिससे वो पूरा दिन खुश रहेंगे। किसी ऑनलाइन वेबसाइट से अपने लिए कुछ ऑर्डर कर सकते हैं, आज पूरा दिन उसी चीज के बारे में सोचते रहेंगे।



**वृषभ**

आज आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जाएगा। इस राशि के इंजीनीयर्स आज अपने अनुभव का प्रयोग सही दिशा में करेंगे।आज नौकरी के लिए कोई अच्छा ऑफर भी मिल सकता है। ऑफिस में आपको गिफ्ट मिल सकता है। जीवनसाथी की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा।



**मिथुन**

आज आपका दिन सामान्य रहेगा। ऑफिस में रूके हुए काम सीनियर्स की मदद से पूरे होने की संभावना है। इस राशि के बिल्डर्स को अचानक से काफी फायदा हो सकता है। आज धन लाभ के नए सोर्स नजर आएंगे। आपको परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना पड़ सकता है, आपके कुछ काम अधूरे रह सकते हैं।



**कर्क**

आज का दिन मिलाजुला रहेगा। ऑफिस में बॉस को इम्प्रेस करने के लिए थोड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। जल्दी छुट्टी मिलने में परेशानी आ सकती है। किसी सामान की खरीदारी में थोड़ी देर हो सकती है। आपको परिवार का सहयोग मिलेगा, जिससे आपको राहत मिलेगी। आज स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।



**सिंह**

आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आपके सारे काम पूरे हो जाएंगे, लेकिन धैर्य बनाए रखने की आवश्यकता है। बिजनेसमैन के लिए आज का दिन फायदेमंद रहने वाला है। आज बच्चों के साथ शॉपिंग पर जा सकते हैं। पैसों की स्थिति में सुधार करने की कोशिश करेंगे। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें।



**कन्या**

आज आपका ध्यान आध्यात्म की ओर लगा रहेगा। इस राशि के बिजनेसमैन आज खुश रहेंगे। फैमिली के साथ किसी हॉटल में खाना खाने जा सकते हैं। नए लक्ष्य को निर्धारित करने के लिए आज का दिन शुभ है। ऑफिस में आज कोई जूनियर काम पूरा करने के लिए आपसे मदद मांग सकता है।



**तुला**

आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर की इलेक्ट्रॉनिक चीजों पर थोड़ा खर्च करना पड़ सकता है। आज आप अपने बिजनेस पार्टनर के घर त्योहार की शुभकामना देने जा सकते हैं। शाम को आप शारीरिक रूप से थोड़ी थकान महसूस कर सकते हैं। अपना नजरिया पॉजिटिव बनाकर रखें।



**वृश्चिक**

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज नौकरीपेशा लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स मिलने के योग बन रहे हैं। आज घर में खुशी का माहौल बनेगा। संतान पक्ष से आपको खुशी मिलेगी। आज ऑफिस पार्टी में अपने जीवनसाथी को साथ ले जा सकते हैं। इससे आपका तालमेल बढ़िया रहेगा।



**धनु**

आज के दिन किस्मत आपके साथ है। परिवार के साथ आप अच्छा वक्त बिताएंगे। इस राशि के जो लोग सेल्स और मार्केटिंग से जुड़े हुए हैं, उन्हें आज तरक्की के कई सुनहरे मौके मिलेंगे। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा। दोस्तों के साथ मिलकर सेलिब्रेशन कर सकते हैं।



**मकर**

आज अपने दायरे को बढ़ाने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे। आज किसी काम को संतुलन बनाकर करने से वह समय से पहले पूरा हो सकता है। बाकी समय में आप कहीं घूमने जा सकते हैं। आज कार्यक्षेत्र को बढ़ाने के लिए किसी मित्र से आर्थिक मदद मिल सकती है।



**कुंभ**

आज आपका दिन बेहद अनुकूल रहेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। व्यापार में बढ़ोतरी होगी। ऑफिस में वेतन वृद्धि हो सकती है। प्रमोशन के भी कुछ चांस बन सकते हैं। बिल्डर्स अपने काम को बढ़ाने की सोच रहे हैं, तो आज का दिन शुभ है। विवाहितों के लिए भी स्थिति अच्छी रहेगी।



**मीन**

आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। अगर आप नौकरीपेशा हैं, तो रूके हुए काम में सहयोगी से मदद मिल सकती है। आप किसी से अपने दिल की बात कह सकते हैं। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन काफी अच्छा है। टीचर्स के साथ आपका अच्छा टाइम स्पेंड होगा। आर्थिक समस्याएं आज खत्म हो सकती हैं।

## शब्द सामर्थ्य -352

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. रुचिकर लगने वाली, रुचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 351 का हल**



# ठेकेदार ने रखवाया यात्री प्रतीक्षालय में सीमेण्ट की बोरियां

**○ नगर पंचायत के अधिकारियों का संरक्षण**
**○ मामला नगर पंचायत छुरिया का**

छुरिया(दावा)। नगर पंचायत छुरिया में अधोसंरचना मद से करोड़ों रूपये के निर्माण कार्य प्रगति पर है। लेकिन देखा जा रहा है कि अधिकारियों के खुले संरक्षण में ठेकेदार अपनी मनमानी कर रहे हैं। हद तो तब हो गई जब नये बस स्टैण्ड के यात्री प्रतीक्षालय में ठेकेदार को सीमेण्ट की बोरियां रखने के लिए अधिकारियों ने खुली छूट दे दी है। अब इधर शिकायत के बाद अधिकारी अपना पल्ला झाड़ रहे हैं । और सीमेण्ट की बोरियां हटाने के निर्देश दिए हैं।

मिली जानकारी अनुसार नगर पंचायत के हाट बाजार में अधोसंरचना मद से सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस कार्य के निर्माण के लिए नगर पंचायत से ठेकेदार रोहन बहेकर को टेण्डर मिला हुआ है। जहां नगर पंचायत के अधिकारियों के संरक्षण में उक्त ठेकेदार को यात्री प्रतीक्षालय में सीमेण्ट की लगभग साढे चार सौ बोरियां रखवा दी गई है। जिससे नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र से पहुंच रहे यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मामले का खुलासा एवं शिकायत के बाद अधिकारी इसे हटाने के लिए उक्त ठेकेदार को दिशा निर्देश जारी कर रहे हैं।




> सीमेण्ट की बोरियां हटाने ठेकेदार को निर्देशित किया गया है।
>
> **सचिन गुप्ता**
> **सीएमओ-नगर पंचायत छुरिया**

### सी.सी.सड़क निर्माण कार्य में भी गड़बड़ी

हाट बाजार में अधोसंरचना मद से सी.सी.सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार एवं इंजीनियर की मिलीभगत से स्टीमेट के अनुरूप निर्माण कार्य न करते हुए सीमेण्ट एवं गिट्टी में गड़बड़ी की जा रही है। निर्माण कार्य में सतत् मॉनिटरिंग नहीं होने से पानी की तराई भी नियमित नहीं किए जाने से सड़क की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है।

# सांसद पाण्डेय ने पुनः प्रत्याशी बनाए जाने पर लिया मां बम्लेश्वरी का आशीर्वाद

**बड़ी संख्या में समर्थकों ने बधाईयां दी**



डोंगरगढ़(दावा)। लोकसभा क्षेत्र से संतोष पाण्डेय को भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा दोबारा सांसद पद के लिए प्रत्याशी बनाएं जाने के बाद डोंगरगढ़ स्तिथ मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन करने आए श्री पांडे का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। श्री पांडे ने माता से आशीर्वाद लेकर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। बड़ी संख्या में मां बमलेश्वरी परिसर पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्री पांडे को बधाई दी।

इस अवसर पर पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, किरण साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप बाघ, हरविंदर सिंह मंगे, सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी, सुरेंद्र सिंह बन्नोआना, मंडल अध्यक्ष अमित जैन, संतोष राव, विजेंद्र सिंह ठाकुर, रामकृष्ण कन्नौजिया,अशोक साहू, प्रिंस कक्कड़, सत्य प्रकाश मिश्रा, वीरेंद्र सोनी, जसमीत बन्नोआना, ज्योति बड़वाइक, मीना यादव,गीता मानिकपुरी, लोकेश इंदुलकर, अनिल यादव, रामकुमार डडसेना,अमर साहू, चंद्रेश साहू, महेंद्र त्रिपाठी, डिंपी महापात्र, विनय बंसल,कमलेश उज्जवने, सुमित मिश्रा, मनीष चक्रवर्ती,धर्मेंद्र पटेल, कपिल लारिया, सरफराज अहमद, तनुदास मानिकपुरी, शैलेश महोबिया, अमित यदु, पूजा उज्जवने, रिया साहू, पूजा साहू, रेणुका सिरसाम, रुक्मणि साहू, दशमत सिन्हा, दुरपत निर्मलकर, नंदिता मानिकपुरी, सेवती मानिकपुरी, जीजा बाई, रामाश्रय सिंह, गिरीश साहू, पप्पू नामदेव, ललित शर्मा, कैलाश सोनवानी, जसप्रीत सिंह पपलू,ओमप्रकाश साखरे आदि कार्यकर्ताओ की भारी भीड़ उपस्थित थी।

## पहला कॉलम...

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खैरागढ़ में पल्स पोलियो अभियान की शुरुवात



खैरागढ़ (दावा)। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खैरागढ़ में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने पल्स पोलियो अभियान की शुरुवात की गई। उक्त अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, रामाधार रजक, डॉ. विवेक बिसेन, मंडल अध्यक्ष विनय देवांगन, आशीष सिंह, चंदन गिरी, धर्मेंद्र सांखला, मंजीत ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### युवा मोर्चा ने पटाखे फोड़ कर मिठाईयां बांटकर जश्न मनाया



डोंगरगढ़(दावा)। शहर मोर्चा के अध्यक्ष सुमित मिश्रा के नेतृत्व में सांसद संतोष पांडे को पुनः एक बार राजनांदगांव लोकसभा का प्रत्याशी बनाए जाने पर पुराना बस स्टैंड चौक में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने पटाखे फोड़ मिठाइयां बाटकर जश्न मनाया। इस अवसर पर डोंगरगढ युवा मोर्चा के अध्यक्ष सुमित मिश्रा, मंडल अध्यक्ष अमित जैन, राकेश अग्रवाल, उपेंद्र उज्जवने, हर्ष सेन, शशांक साहिल शिवा आकाश नरेंद्र जयकांत डिंपल आदित्य अनुभव आवेश शेखर, अक्षय राकेश देवांगन एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### दो दिवसीय संगीतमय मानस महोत्सव परसबोड में 7 मार्च से

डोंगरगढ़ (दावा)। खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम परसबोड में 7 व 8 मार्च दो दिवसीय संगीतमय में मानस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त प्रसिद्ध मंडलिया राम कथा का प्रवचन देंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुसूया नागपुरे जनपद सदस्य, विशिष्ठ अतिथि के रूप में ब्लॉक अध्यक्ष कोमल दास साहू, गौतम चंद जैन उपस्थित रहेंगे। मां बमलेश्वरी मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में किया जा रहा है। समिति के सदस्य लथमार यादव ने आधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये वार्डो में शिविर प्रारंभ

राजनांदगांव (दावा)। 3 मार्च नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है।

इसी कडी में हितग्राहियों को माह जनवरी का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 1 मार्च 2024 से 23 मार्च 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 5 मार्च को महात्मा गांधी वार्ड नं. 7 व शंकरपुर वार्ड नं. 9 के लिये हास्पिटल परिसर शंकरपुर में, 6 मार्च को डॉ. भीमराव आम्बेडकर वार्ड नं.12 के लिये बाबू प्राथमिक शाला स्टेशनपारा में व बलरामदास वार्ड नं. 14 के लिये वेसलियन स्कूल में, 7 मार्च को गौरी नगर वार्ड नं. 13 के लिये सार्वजनिक मंच गौरी नगर में एवं 9 मार्च को डॉ. बल्देवप्रसाद मिश्र वार्ड नं. 15 के लिये बीएनसी मिल के पास राम मंदिर में एवं ठा.प्यारेलाल सिंह वार्ड नं. 16 व तुलसीपुर वार्ड नं. 17 के लिये ठा.प्यारेलाल स्कूल में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये शिविर का आयोजन किया जायेगा। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह जनवरी 2024 की पेंशन का लाभ लेने की अपील की है।

### खुलेआम शराब पीते 33 पकड़ाए

रायपुर। राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 33 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस ने द्रोणाचार्य स्कूल के पास केनाल रोड में सरेआम शराब पीते आरोपी अनुराग चौधरी 28 वर्ष, पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी राहुल अग्रवाल 27 वर्ष एवं गोलबाजार पुलिस ने आरोपी राज ताण्डी 26 वर्ष व कोणाल संेद्रे 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# पल्स पोलियो अभियान में जनप्रतिनिधियो ने दिखाई जागरूकता




छुईखदान(दावा)। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान आज दिनांक 3 मार्च 2024 को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने के कार्यक्रम का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान में प्रात-8-00 बजे श्रीमती पार्तिका महोबिया अध्यक्ष नगर पंचायत छुईखदान द्वारा शुरुआत किया गया। श्रीमती महोबिया ने स्वयं अपने हाथो से बच्चों को ड्राप पिलाया।

**स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित किया गया पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत**

पल्स पोलियो अभियान के संबंध में खंड चिकित्सा अधिकारी छुईखदान, डॉ. मनीष बघेल ने बताया कि पूरे विकास खंड स्तर पर आज समस्त उप स्वास्थ्य केन्द्रो से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पल्स पोलियो अभियान के तहत 0से 5 वर्ष तक के बच्चों को ड्राप पिलाया गया,

इस संबंध में बृजेश ताम्रकार बीपीएम छुईखदान ने बताया की विकास खंड के 225 ग्रामो में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की उपस्थित मे पल्स पोलियो का ड्राप पिलाया गया। पल्स पोलियो अभियान के तहत ब्लॉक के 225 ग्रामों में आज सुबह से पोलियो बूथ में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं मितानिन द्वारा पोलियो की खुराक पिलाई गई।

### घर-घर पहुंचेंगे स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता

पल्स पोलियो अभियान के दूसरे दिन चार और पांच तारीख को घर घर जाकर के मितानिन व कार्यकर्ताओं द्वारा पोलियो की खुराक पिलाई जावेगी। इस अभियान के संचालन हेतु संपूर्ण विकासखंड में 118 पोलियो बूथ बनाए गए हैं पर्यवेक्षण हेतु जोनल अफसर एवं 21 पोलियो सुपरवाइजर की टीम सतत पर्यवेक्षण का कार्य कर रही है।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनीष बघेल ने आम लोगों से अपील की है कि जो बच्चे आज छूट गए हैं वह चार एवं पांच तारीख को स्वास्थ्य सदस्य द्वारा घर पर जाने पर अपने बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलावे। कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष बघेल बीपीएम बृजेश ताम्रकार नेत्र सहायक विनय रामटेके स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता एवं अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित थे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू ने किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ



बालोद (दावा)। 03 मार्च 2024 को राष्ट्रीय सघन राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ ग्राम कोहंगाटोला में भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू के द्वारा नवजात शिशु कृति को दो बूंद पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया गया। इस अभियान के तहत् प्रथम दिवस दिनांक 03 मार्च 2024 को बुथ स्तर पर शून्य से 05 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी जायेगी एवं द्वितीय व तृतीय दिवस 04 एवं 05 मार्च 2024 को कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर भ्रमण कर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलायी जायेगी। इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती शारदा सिन्हा, सरपंच श्रीमती हेमीन साहू, पिछड़ा वर्ग सदस्य श्रीमती खिलेश्वरी साहू, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.जितेन्द्र कुमार सिंह, जिला मीडिया अधिकारी रमेश कुमार सोनबोईर, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण नायक, जिला वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर रविकान्त साहू सेक्टर सुपरवाईजर पी. सिन्हा, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक हेम कुमार साहू, कु. रीता महेश्वरी, समस्त मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव के ऐलान से पहले बस्तर में कांग्रेस को बड़ा झटका, सरला तिवारी बीजेपी में शामिल

जगदलपुर। लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर राजनीतिक गहमागहमी शुरू हो गई है. बीजेपी ने शनिवार को 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की. इस लिस्ट में छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी गई. बस्तर से महेश कश्यप को बीजेपी ने चुनावी मैदान में उतारा है. भाजपा के इस फैसले के बाद बस्तर की राजनीतिक सरगर्मी तेजी से बदल रही है. रविवार को जगदलपुर कांग्रेस की शहर अध्यक्ष सरला तिवारी ने बीजेपी का दामन थाम लिया.



छत्तीसगढ़ बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने किया स्वागत- कांग्रेस नेता सरला तिवारी का बीजेपी में जोरदार स्वागत किया गया. जगदलपुर बीजेपी ऑफिस के एक आयोजन में सरला तिवारी का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने स्वागत किया और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई.

सरला तिवारी ने कहा कि वे भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति से मैं प्रभावित हुई हूं और इसलिए मैंने भाजपा में प्रवेश किया है. मोदी सरकार में महिलाओं के हित में कई काम हुए. जिसने मुझे बेहद प्रभावित किया. कांग्रेस सरकार की तुलना में बीजेपी की सरकार में महिलाओं के लिए बहुत काम हुआ है. कांग्रेस में रहते हुए मेरी धार्मिक भावनाएं आहत हो रही थी।

सरला तिवारी कांग्रेस में महिला विंग की शहर अध्यक्ष के पद पर थीं. इसके अलावा वे प्रदेश महिला कांग्रेस में महासचिव के पद पर भी रहीं. सरला तिवारी के बीजेपी में आने से बीजेपी का आधार और मजबूत होगा. बस्तर लोकसभा सीट पर अभी कांग्रेस का कब्जा है. यहां से दीपक बैज सांसद हैं. छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में दीपक बैज ने चित्रकोट विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था. लेकिन वह चुनाव हार गए. इस बार देखना होगा कि बस्तर सीट से कांग्रेस किसे उम्मीदवार बनाती है.

### राजू पटेल को भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बने

बालोद (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं संगठन महामंत्री पवन साय एवं व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रदीप सिंह की सहमति से जिला भाजपा अध्यक्ष बालोद पवन साहू ने बालोद के समाजसेवी एवं नगर पालिका परिषद बालोद के वार्ड नंबर 12 के पार्षद तथा चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष राजू पटेल को भारतीय जनता पार्टी व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक के पद पर जिला भाजपा कार्यालय बालोद में नियुक्ति पत्र सौपा राजू पटेल की नियुक्ति पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने भी उनको प्रदेश कार्यालय में आशीर्वाद एवं बधाई दी। जिला भाजपा कार्यालय में उन्हें बधाई देने वालों में भाजपा नेताओं में छगन देशमुख, जिला उपाध्यक्ष राकेश यादव, मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, रूपेश सिन्हा, राकेश द्विवेदी आदि उपस्थित थे।

# बीजेपी प्रत्याशी चिंतामणि महाराज की कार का हुआ एक्सीडेंट

**0 हादसे में दो युवकों की हालत गंभीर**
**0 चिंतामणि महाराज सुरक्षित**

सरगुजा। भाजपा के सरगुजा लोकसभा सीट से प्रत्याशी और पूर्व विधायक चिंतामणि महाराज की कार का रविवार की देर शाम एक्सीडेंट हो गया. हादसा उस वक्त हुआ जब महाराज जशपुर से अपने घर लौट रहे थे. महाराज की कार जैसे ही शांतिपारा बासेन के झूरी तालाब पर पहुंची बाइक सवार युवकों की टक्कर कार से हो गई. जिस बाइक से महाराज की कार टकराई उस बाइक पर तीन युवक सवार थे. घायल युवकों को इलाज के लिए पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है. हादसे में महाराज को किसी भी तरह की कोई गंभीर चोट नहीं आई है. घटना के बाद महाराज को दूसरी गाड़ी से उनके घर भिजवाया गया.

कांग्रेस से भाजपा में शामिल होने वाले पूर्व विधायक चिंतामणि महाराज को लोकसभा चुनाव का टिकट शनिवार को ही दिया गया है. टिकट मिलने के बाद चिंतामणि महाराज जशपुर जिले में स्थित अपने आश्रम गए हुए थे. लौटने के दौरान चिंतामणि महाराज बतौली होते हुए वापस घर लौट रहे थे. महाराज की कार जैसे ही एनएच 43 पर शांतिपारा बासेन झूरी तालाब पर पहुंची वैसे ही बाइक सवार युवक उनकी कार से टकरा गए. हादसे में दो युवकों को गंभीर चोटें आई हैं. युवकों को बतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया है।

# 1,000 अमृत भारत ट्रेनों का होगा निर्माण, वंदे भारत ट्रेनें होंगी एक्सपोर्ट; रेल मंत्री ने बताया सरकार का प्लान

नई दिल्ली। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि भारत आने वाले वर्षों में नयी पीढ़ी की कम से कम 1,000 अमृत भारत ट्रेन का निर्माण करेगा। वहीं, 250 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलने वाली ट्रेन बनाने का काम जारी है। वैष्णव ने कहा कि रेलवे ने वंदे भारत ट्रेनों के निर्यात पर काम पहले ही करना शुरू कर दिया है और देश द्वारा पहला निर्यात अगले पांच वर्षों में किये जाने की उम्मीद है।

वैष्णव ने बुलेट ट्रेन परियोजना के हिस्से के रूप में मुंबई और ठाणे के बीच भारत की पहली समुद्र के नीचे सुरंग के निर्माण की शुरुआत पर भी बात की। उन्होंने कहा कि दुनिया में केवल पांच देश हैं, जिनके पास ऐसी तकनीक है। मुंबई और ठाणे के बीच 21 किलोमीटर लंबी प्रस्तावित सुरंग में 9.7 किलोमीटर की दूरी समुद्र से होकर गुजरेगी, जो इसकी सतह से 54 मीटर नीचे होगी। वैष्णव ने रेलवे के किराया संरचना और उसकी सेवाओं का उल्लेख करते हुए कहा, 'हर साल लगभग 700 करोड़ लोग रेलवे से सफर करते हैं। व्यावहारिक रूप से प्रतिदिन ढाई करोड़ लोग रेलवे से सफर करते हैं। किराया संरचना ऐसी है कि यदि एक व्यक्ति को ले जाने की लागत 100 रुपये है, तो हम 45 रुपये लेते हैं। इसलिए हम रेलवे से यात्रा करने वाले हर व्यक्ति को औसतन 55 प्रतिशत की छूट देते हैं।'

मंत्री ने कहा, हमने अमृत भारत ट्रेन डिजाइन की है, जो एक विश्व स्तरीय ट्रेन है। इसके जरिये केवल 454 रुपये के खर्च पर 1,000 किलोमीटर की यात्रा की जा सकती है।'' वैष्णव ने कहा कि भारत आने वाले वर्षों में कम से कम 1,000 नयी पीढ़ी की अमृत भारत ट्रेनों का निर्माण करेगा और 250 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलने वाली ट्रेन बनाने का काम जारी है। वैष्णव ने रेलवे के कुल वार्षिक व्यय का ब्यौरा दिया और कहा कि पेंशन, वेतन, ऊर्जा खर्च और पट्टा-ब्याज भुगतान पर व्यय क्रमशः 55,000 करोड़ रुपये,



97,000 करोड़ रुपये, 40,000 करोड़ रुपये और 32,000 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि अन्य 12,000 करोड़ रुपये रखरखाव पर खर्च होते हैं और सभी मिलकर लगभग 2.40 लाख करोड़ रुपये होते हैं।

वैष्णव ने कहा, हम इन सभी खर्चों को पूरा करने में सक्षम हैं, क्योंकि टीम प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में बहुत कड़ी मेहनत कर रही है। उन्होंने कहा, आज, रेलवे स्टेशन 10 साल पहले की तुलना में बहुत अलग हैं। स्टेशन और ट्रेनें साफ-सुथरी हैं और हर ट्रेन में जैव-टॉयलेट है। रेल मंत्री के मुताबिक, नयी तकनीक के आने से वंदे भारत जैसी ट्रेनें युवाओं के बीच बेहद लोकप्रिय हो गई हैं। वैष्णव ने कहा, 'व्यावहारिक रूप से, हर हफ्ते एक वंदे भारत ट्रेन बेड़े में शामिल हो रही है। हम आने वाले कुछ वर्षों में ही कम से कम 400 से 500 ट्रेन का निर्माण करेंगे। पटरी क्षमता विस्तार पर उन्होंने कहा, ''पिछले साल, हमने 5,200 किलोमीटर का नयी पटरी जोड़ी थी। इस साल, हम 5500 किलोमीटर की नयी पटरी जोड़ेंगे। यह हर साल देश में स्विट्जरलैंड को जोड़ने जैसा है। इसी गति से काम चल रहा है।'

यात्रियों की सुरक्षा पहलों को रेखांकित करते हुए, वैष्णव ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में, यात्रियों की सुरक्षा पर 1.27 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है और हर साल लगभग 7000 किलोमीटर लंबी खराब पटरियों को बदला गया है। उन्होंने भारत में रेल नेटवर्क पर लागू की जा रही स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली 'कवच' की विशेषताओं पर प्रकाश डाला और कहा कि सभी देशों ने 1980 के दशक के आसपास एटीपी को लागू करना शुरू कर दिया था लेकिन उस समय की हमारी सरकारों ने इस महत्वपूर्ण यात्री सुरक्षा सुविधा पर ध्यान केंद्रित नहीं किया।

वैष्णव ने बुलेट ट्रेन परियोजना के कार्यान्वयन में देरी के लिए महाराष्ट्र की पूर्ववर्ती सरकार को भी जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, ''वापी से अहमदाबाद तक गुजरात खंड पर निर्माण बहुत तेज गति से चल रहा था, लेकिन हम मुंबई से वापी तक खंड पर शुरू नहीं कर सके क्योंकि श्री ठाकरे की सरकार ने हमें इसकी कभी अनुमति नहीं दी। सरकार बदलने के बाद हमें सभी मंजूरी मिल गई।'' उन्होंने इससे इनकार किया कि रेलवे समृद्ध वर्ग को अधिक सुविधाएं देने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा, ''हमारा ध्यान गैर-वातानुकूलित कोच पर है क्योंकि हमारे प्रमुख ग्राहक कम आय वाले परिवार हैं। हमारे पास मौजूद 67,000 कोच में से दो-तिहाई गैर-वातानुकूलित हैं।

## पहला कॉलम...

### गूगल ने हटाए गए भारतीय एप को किया प्ले स्टोर पर बहाल

नई दिल्ली । गूगल ने भारी आलोचना के बाद शनिवार को प्ले स्टोर से हटाए गए सभी एप को वापस बहाल कर दिया है। सूत्रों ने पुष्टि की कि टेक दिग्गज ने कुछ ऐप्स जैसे शादी.कॉम, इंफो एज की नौकरी डॉट कॉम, 99एकड़ और नौकरी गल्फ और अन्य को बहाल कर दिया है। इन्फो एज के सह-संस्थापक संजीव बिकचंदानी ने भी एक्स पर एक पोस्ट में इस बात की पुष्टि की। उन्होंने पोस्ट किया, कई इन्फो एज ऐप्स प्ले स्टोर पर वापस आ गए हैं। हितेश (हितेश ओबेरॉय) और पूरी इन्फो एज टीम के नेतृत्व में बहुत अच्छा प्रयास किया गया। लोग इसके लिए पूरी रात जागते रहे। इससे पहले दिन में इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) ने भारतीय कंपनियों के ऐप्स को हटाने की आलोचना की थी और गूगल से उन हटाए गए ऐप्स को अपने प्ले स्टोर पर बहाल करने के लिए कहा था। गूगल ने मैट्रिमोनी और शादी डॉट कॉम सहित प्रमुख भारतीय डिजिटल कंपनियों के एक दर्जन से अधिक ऐप्स को प्ले स्टोर से हटा दिया था।

### पूर्व रणजी क्रिकेटर रोहित शर्मा का निधन

नई दिल्ली। क्रिकेट फैंस के लिए बुरी खबर सामने आई है। पूर्व ऑलराउंडर क्रिकेटर का निधन हो गया है। इससे क्रिकेट जगत में शोक की लहर है। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। राजस्थान के जयपुर में पूर्व क्रिकेटर का इलाज चल रहा था। लेकिन बीते शनिवार को खिलाड़ी ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। इससे उनके फैंस को करारा झटका लगा है। बताया जा रहा है कि खिलाड़ी राजस्थान के जयपुर में अपना क्रिकेट ऐकेडमी भी चलाते थे। इस अकादमी का नाम आरएस एकेडमी है। वह एक ऑलराउंडर खिलाड़ी थे, जो गेंदबाजी के साथ-साथ बल्लेबाजी में भी कमाल दिखाने की काबिलियत रखते थे। लेकिन वह बीमारी से नहीं लड़ सके और उन्होंने दुनिया छोड़ दी है। बता दें कि भारत के पूर्व रणजी क्रिकेटर रोहित शर्मा ने साल 2004 में सर्विसेज के खिलाफ फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू किया था। उन्होंने राजस्थान के लिए 7 रणजी मैच खेले हैं। इसके अलावा पूर्व क्रिकेटर एक दिवसीय 28 रणजी मैच, जबकि 4 टी-20 मुकाबले भी खेल चुके हैं। दाएं हाथ के पूर्व रणजी क्रिकेटर रोहित शर्मा ने साल 2004 से 2009 तक क्रिकेट खेला है। इसके बाद भी उन्होंने क्रिकेट से पूरी तरह संन्यास नहीं लिया, बल्कि वह ए श्रेणी का क्रिकेट खेलते थे। बता दें कि पूर्व क्रिकेटर रोहित शर्मा एक ऑलराउंडर के साथ-साथ कप्तान भी थे। वह रणजी ट्रॉफी, फर्स्ट क्लास के अलावा अन्य क्रिकेट फॉर्मेट में भी कप्तानी कर चुके हैं। खिलाड़ी के बारे में बताया जाता है कि वह एक विस्फोटक बल्लेबाज थे। खिलाड़ी के दुनिया छोड़ने से हजारों लोग उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

### गाजा में शरणार्थी शिविरों पर इजराइल की स्ट्राइक, 11 लोगों की मौत

नई दिल्ली। इजराइल और हमास के बीच चल रही लड़ाई थमना तो दूर और गंभीर होती जा रही है। गाजा में हमास के नियंत्रण वाले स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि यहां के राफा शहर में एक अस्पताल के पास स्थित शरणार्थी शिविरों पर इजराइल ने हमला किया है। रिपोर्ट्स के अनुसार इस स्ट्राइक में 11 लोगों की मौत हुई है और दर्जनों घायल हुए हैं। इन शिविरों में बेघर हुए गाजा के नागरिक रह रहे थे। वहीं, इजराइल की सेना ने कहा है कि यह एक सटीक हमला था जो आतंकियों को निशाना बनाते हुए किया गया था। यह हमला राफा शहर में स्थित एमिराती मैटर्निटी हॉस्पिटल के पास हुआ था। इसे लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-कुदरा ने एक बयान में कहा कि इजराइली सेना के हमले में 11 नागरिक शहीद हुए हैं और लगभग 50 लोग घायल हुए हैं, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। मारे गए लोगों में एक पैरामेडिक भी था। इस हमले के कई वीडियो सोशल मीडिया पर इस समय खूब वायरल हो रहे हैं। इन वीडियो फुटेज में सड़कों पर पड़े लोगों के खून से लथपथ शव देखे जा सकते हैं।

### गुजरात टाइटंस के स्टार खिलाड़ी का हुआ एक्सीडेंट में घायल

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 में पहली बार दस्तक देने वाले रांची के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज रॉबिन मिंज का बाइक चलाते हुए एक्सीडेंट हो गया। इस बात की जानकारी खुद रॉबिन मिंज के पिता फ्रांसिस मिंज ने दी है। बता दें कि 19 दिसंबर को दुबई में हुए आईपीएल 2024 ऑक्शन में गुजरात टाइटंस ने इस धाकड़ बल्लेबाज को 3.6 करोड़ की राशि में खरीदा था।

न्यूज 18 से रॉबिन मिंज के पिता ने बात करते हुए बताया कि रॉबिन मिंज के दाहिने घुटने में चोट लगी है। यह चोट कितनी गंभीर है अभी तक इसपर कोई बयान नहीं आया है। दरअसल 22 मार्च से आईपीएल का आगाज होने वाला है। जबकि गुजरात टाइटंस को पहला मैच 24 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलना है।

# ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को उसके घर में हराया, 172 रनों से जीता पहला टेस्ट



नईदिल्ली। ऑस्ट्रेलिया ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में मेज़बान न्यूजीलैंड को 172 रनों से हरा दिया. कीवियों के घर में कंगारुओं को आठ साल बाद जीत नसीब हुई है. इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को उसके घर में 2016 में मात दी थी.

ऑस्ट्रेलिया के लिए कैमरून ग्रीन और नाथन ल्योन ने शानदार प्रदर्शन किया. ग्रीन ने पहली पारी में नाबाद 174 और दूसरी पारी में 34 रन बनाए. वहीं ल्योन ने मैच में 10 विकेट झटके. उन्होंने पहली पारी में चार और दूसरी पारी में छह कीवी बल्लेबाज को अपना शिकार बनाया. ग्रीन को प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब मिला.

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में कैमरून ग्रीन के नाबाद 174 रनों की बदौलत 383 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था. न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने पांच विकेट झटके. हालांकि, इसके बाद कीवी बल्लेबाज फ्लॉप रहे. न्यूजीलैंड की टीम अपनी पहली पारी में सिर्फ 179 रनों की बना सकी. ऑस्ट्रेलिया के लिए सीनियर ऑफ स्पिनर नाथन ल्योन ने 43 रन देकर चार विकेट झटके. इस तरह पहली पारी में कंगारुओं को 204 रनों की बढ़त मिली.

पहली पारी में 204 रनों की विशाल बढ़त मिलने के बाद दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलियाई टीम 164 रनों पर ही ढेर हो गई. इस बार नाथन ल्योन ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए. वहीं न्यूजीलैंड के लिए ग्लेन फिलिप्स ने पांच विकेट झटके. अब न्यूजीलैंड के सामने जीत के लिए 369 रनों का लक्ष्य था.

ऑस्ट्रेलिया से मिले 369 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने फिर खराब शुरुआत की. टॉम लाथम 08, विल यंग 15 और केन विलियमसन 09 रन ही बना सके. रचिन रवींद्र 59 और डेरिल मिचेल 38 रन ने कुछ वक्त क्रीज पर बिताया, लेकिन इन दोनों के आउट होते ही पूरी टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई. दूसरी पारी में कीवी टीम सिर्फ 196 रन ही बना सकी. इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने 172 रनों से पहला टेस्ट जीत लिया.

# पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री चुने गए शहबाज शरीफ

## दूसरी बार संभालेंगे सत्ता की कमान

इस्लामबाद। पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री के रूप में शहबाज शरीफ को चुना गया हैं। विपक्ष के हंगामे के बीच नवनिर्वाचित संसद में बहुमत हासिल करने के बाद शहबाज शरीफ को गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने। शहबाज शरीफ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) की ओर से सर्वसम्मति से उम्मीदवार चुने गए हैं। उन्हें 336 सदस्यीय सदन में 201 वोट हासिल हुए हैं। पीएमएल-एन अध्यक्ष शहबाज (72) पाकिस्तान के तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ (74) के छोटे भाई हैं। नेशनल असेंबली के स्पीकर सरदार अयाज सादिक ने नतीजों की घोषणा करते हुए शहबाज को पाकिस्तान का 24वां प्रधानमंत्री



नियुक्त किया। शहबाज को सोमवार को राष्ट्रपति भवन ऐवान-ए-सद्र में पद की शपथ दिलाई जाएगी। पीटीआई समर्थित सांसदों के हंगामे और नारेबाजी के बीच नई संसद का सत्र बुलाया गया। पीपीपी के अलावा, शहबाज को मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम-पी), पाकिस्तान मुस्लिम लीग (क्यू), बलूचिस्तान अवामी पार्टी, पाकिस्तान मुस्लिम लीग (जेड), इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी और नेशनल पार्टी का समर्थन प्राप्त था।

# छत पर सोलर पैनल लगाने में भारत की बड़ी छलांग, अमेरिकी रिसर्च फर्म भी हुई मुरीद

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली केंद्र सरकार रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन पर काफी जोर दे रही है। इसे बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं भी लागू कर रही है। इन सबका सकारात्मक नतीजा नजर भी आ रहा है। साल 2023 में छत पर सोलर पैनल इंस्टॉलेशन 6.25 फीसदी बढ़कर 1.7 गीगावॉट हो गया।



यह जानकारी अमेरिकी रिसर्च फर्म मेरकॉम कैपिटल ने दी है। उसकी %मेरकॉम इंडिया रूफटॉप सोलर मार्केट रिपोर्ट% के अनुसार, भारत में सोलर पैनल लगवाने की लागत कम हुई है और अब लोग इसका आर्थिक और पर्यावरणीय फायदा भी समझने लगे हैं। यही वजह है कि रूफटॉप सोलर पैनल लगवाने वालों की तादाद लगातार बढ़ रही है।

2023 में सौर क्षमता बढ़ाने में आम जनता का योगदान अधिक था, जिन्होंने अपने घर की छतों पर पैनल लगवाया। हालांकि, इसमें ज्यादा बड़ी ग्रोथ नहीं हुई क्योंकि कमर्शियल एंड इंडस्ट्रियल (छ×ढ्ढ) कंज्यूमर अपने पूंजी निवेश को कम रखने के लिए मॉड्यूल के दाम स्थिर होने का इंतजार कर रहे थे।

मेरकॉम कैपिटल ग्रुप के सीईओ राज प्रभु ने कहा, बिजली का बिजली लगातार बढ़ रहा है, जबकि सोलर सिस्टम लगवाने की लागत कम हो रही है। सोलर सिस्टम पर सरकार से कई तरह की रियायतें भी मिल रही हैं। इससे आम जनता का झुकाव सोलर सिस्टम की ओर बढ़ रहा है। राज प्रभु ने कहा कि आवासीय सेगमेंट के साथ ही कमर्शियल-इंडस्ट्रियल सेगमेंट को भी निवेश पर आकर्षक रिटर्न मिल रहा है। उनकी कीमतों में गिरावट का इंतजार भी खत्म हो गया है।

# 21 सैन्य विमानों और 6 नौसैनिक जहाजों के साथ ताइवान में घुसा चीन, आर्म्ड ऑफिसर रख रहा पैनी नजर

ताइपे। ताइवान के आसपास चीन के 21 सैन्य विमानों और छह नौसैनिक जहाजों का पता लगाया गया है। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार सुबह 6 बजे से रविवार सुबह 6 बजे के बीच ये विमान देखे गए।

ताइवान के एमएनडी के अनुसार, 21 पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) विमानों में से एक चीनी ड्रोन ने ताइवान स्ट्रेट मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) के दक्षिण-पश्चिम कोने में प्रवेश किया। इसके अलावा, 9 क्क्र विमान-छ्ठ्ठ के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में प्रवेश कर गए।



ताइवान न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, चीन की कार्रवाई के बाद, ताइवान ने पीएलए गतिविधि पर नजर रखने के लिए वायु रक्षा वायु रक्षा मिसाइल तैनात की। सोशल मीडिया × (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने कहा %ताइवान के आसपास एक्टिव 21 क्क्र विमान और 6 क्क्रह्र जहाजों का आज सुबह 6 बजे तक पता चला। 10 विमान ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार कर ताइवान में प्रवेश कर गए। ताइवान के आर्म्ड ऑफिसर ने स्थिति पर नजर रखी है और प्रतिक्रिया देने के लिए उचित बलों को नियुक्त किया है। मार्च में अब तक ताइवान ने चीनी सैन्य विमानों को 30 बार और नौसैनिक जहाजों को 14 बार देखा। ताइवान समाचार की रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर 2020 से, चीन ने ताइवान के आसपास परिचालन करने वाले सैन्य विमानों और नौसैनिक जहाजों की संख्या में वृद्धि करके ग्रे जोन रणनीति का उपयोग तेज कर दिया है।

## आईटीएफ महिला ओपन : अंकिता रैना ने जीता युगल खिताब, एकल सेमीफाइनल में हारीं

गुरुग्राम। भारत की अंकिता रैना यहां शनिवार को आईटीएफ महिला ओपन, गुरुग्राम डब्ल्यू35 के एकल सेमीफाइनल में हार गईं, मगर उन्?होंने महिला युगल का खिताब जीत लिया। बारिश से प्रभावित दिन में शीर्ष दो वरीय खिलाड़ी एकल ड्रॉ से बाहर हो गईं।



शनिवार को द टेनिस प्रोजेक्ट में खेले गए एकल सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त स्लोवेनिया की दलिला जाकुपोविक को लिथुआनिया की तीसरी वरीयता प्राप्त जस्टिना मिकुलस्काइट ने तीन सेटों के कड़े मुकाबले में 4-6, 2-6, 7-6 (0) से हरा दिया, जबकि भारत की सर्वश्रेष्ठ बाजी और दूसरी वरीयता प्राप्त अंकिता रैना को गैरवरीय कोरियाई येनवू कू के हाथों 6-7(4), 3-6 से हार का सामना करना पड़ा।

अंकिता ने बाद में महिला युगल खिताब जीतने के लिए ज़िबेक कुलम्बायेवा के साथ हाथ मिलाया। इंडो-कजाख जोड़ी ने स्वीडन की जैकलीन कैबज अवाद और जस्टिना मिकुलस्काइट की चुनौती को सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से हरा दिया। विजेताओं को उनके प्रयास के लिए 1437 यूएस डॉलर और 35 डब्ल्यूटीए अंक मिले, जबकि उपविजेता को 719 यूएस डॉलर और 23 डब्ल्यूटीए अंक मिले।

एकल सेमीफाइनल में अंकिता को शुरुआती गेम में ही गलत स्थिति का सामना करना पड़ा, जहां उन्होंने अपनी सर्विस गंवा दी।

# पवन सिंह ने लौटाया बीजेपी का टिकट

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बीजेपी अपने 195 उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है. लेकिन 24 घंटे बीतने से पहले ही भोजपुरी सिंगर पवन सिंह ने बीजेपी का टिकट वापस कर दिया है. पवन सिंह ने टिकट दिए जाने के लिए बीजेपी आलाकमान को शुक्रिया कहा. लेकिन इसके साथ ही उन्होंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया है. हालांकि, पवन सिंह ने ये साफ नहीं किया कि वह चुनाव क्यों नहीं लड़ना चाहते हैं.



पवन सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया, भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को दिल से आभार प्रकट करता हूं. पार्टी ने मुझ पर विश्वास करके आसनसोल का उम्मीदवार घोषित किया लेकिन किसी कारण वश में आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाऊंगा. इस पोस्ट में पवन सिंह ने बीजेपी को टैग भी किया.

बता दें कि बीजेपी ने इस बार चार भोजपुरी स्टार को सांसद के चुनाव का टिकट दिया है. जहां मनोज तिवारी नॉर्थ ईस्ट दिल्ली से बीजेपी के उम्मीदवार हैं. वहीं, यूपी की गोरखपुर सीट से रविकिशन शुक्ला और आजमगढ़ सीट से दिनेश लाल निरहुआ को बीजेपी का टिकट दिया गया है. इसके अलावा पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से बीजेपी ने पवन सिंह को टिकट दिया था. लेकिन पवन सिंह ने टिकट लौटा दिया है. सूत्रों के मुताबिक, पवन सिंह बिहार की कोई लोकसभा सीट चाह रहे थे. लेकिन बीजेपी ने उन्हें पश्चिम बंगाल से टिकट दिया. माना जा रहा है कि पवन सिंह बिहार के बाहर किसी सीट पर चुनाव लड़ना नहीं चाहते थे.

## ज्योतिष चमत्कार ( 4 मार्च 2024 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 93 | 07 | 13 | 21 |
| मंगल | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 09 | 17 | 23 | 31 |
| बुध | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 19 | 25 | 35 | 41 |
| गुरू | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 29 | 37 | 43 | 53 |
| शुक्र | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 39 | 45 | 57 | 63 |
| शनि | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 47 | 59 | 67 | 79 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 42 | 54 | 62 | 74 |
| मंगल | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 56 | 64 | 76 | 82 |
| बुध | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 68 | 78 | 84 | 92 |
| गुरू | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 70 | 86 | 96 | 04 |
| शुक्र | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 80 | 98 | 06 | 18 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 1 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 2 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 5 | 6 | 7 | 0 |
| स्पेशल | 53 | 64 | 78 | 09 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 8 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 7 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 1 | 2 | 3 | 6 |
| स्पेशल | 14 | 25 | 39 | 60 |

**सप्ताह में देखें**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 74 | 76 | 78 | ´70 |
| 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

**सप्ताह में देखें**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | 79 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

**कल्याण**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 16 | 62 | 45 | 72 | 87 | 98 |
| 01 | 97 | 06 | 07 | 52 | 25 |
| 44 | 04 | 52 | 40 | 03 | 89 |
| 32 | 08 | 58 | 56 | 47 | 96 |

**राजधानी**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 77 | 22 | 83 | 28 | 72 |
| 03 | 60 | 36 | 07 | 45 |
| 60 | 11 | 60 | 91 | 77 |
| 38 | 84 | 36 | 79 | 91 |

**2023 के रुके जोड़ भाव**

कल्याण 2023- -21-23-49-66-09

राजधानी नाईट 2023 -32-35-48-50-62-66-

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## प्रथम पृष्ठ का शेष

***राज्यसभा के 225 सांसदों की...***

आंकड़ों का और विश्लेषण करते हुए, रिपोर्ट में विभिन्न राजनीतिक दलों की संपत्ति में महत्वपूर्ण असमानताएं सामने आईं. प्रमुख दलों में, भाजपा के 90 में से 9 (10 प्रतिशत), कांग्रेस के 28 में से 4 (14 प्रतिशत), वाईएसआरसीपी के 11 में से 5 (45 प्रतिशत), आप के 10 में से 2 (20 प्रतिशत), टीआरएस के चार में से 3 (75 प्रतिशत) और राजद के 6 सांसदों में से 2 (33 प्रतिशत) ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है. विश्लेषण के अनुसार राज्यसभा के मौजूदा सदस्यों की कुल संपत्ति 19,602 करोड़ रुपये है.

***छह मार्च को दिल्ली कूच करेंगे किसान...***

खनौरी बॉर्डर पर गई थी शुभकरण की जान- 21 फरवरी को खनौरी बॉर्डर पर पुलिस और किसानों के बीच झड़प हुई थी। इस दौरान गोली लगने से बठिंडा के युवा किसान शुभकरण सिंह की मौत हो गई थी। इस मामले में पंजाब पुलिस ने पटियाला के पातड़ां में अज्ञात लोगों के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज कर चुकी है। वहीं सरकार ने परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक मदद और सरकारी नौकरी देने का एलान भी कर चुकी है। शुभकरण की मौत का मुद्दा पंजाब विधानसभा में विपक्ष ने उठाया था।

***अगली सरकार के एजेंडे की तैयारी में अभी...***

रविवार को भावी सरकार के एजेंडे पर चर्चा कर उन्होंने जहां इस संदेश को दोहराया, वहीं यह संकेत भी दिया कि मोदी सरकार के लिए पहले 100 दिन हनीमून पीरियड नहीं होता, बल्कि ठोस कार्य करने का समय होता है। मंत्रियों को गैरजरूरी बयानबाजी व डीप फेक से बचने की सलाह- सोमवार से मोदी अगले कुछ दिन लगातार राज्यों के दौरे पर रहेंगे, जहां विकास परियोजनाओं को हरी झंडी दिखाएंगे और चुनावी रैलियां भी करेंगे। उम्मीदवारों की घोषणा शुरू हो चुकी है और राजनीतिक गरमाने लगी है। ऐसे में उन्होंने अपने मंत्रियों को निर्देश दिया कि गैरजरूरी बयानबाजी व डीप फेक से बचें।

***महादेव सट्टा एप के मुख्य आपरेटर ...***

इसके आधार पर ही शुक्रवार को भोपाल से गिरीश तलरेजा को हिरासत में ले लिया गया। वहीं, रतनलाल जैन फरार है। दम्मानी की जमानत खारिज- महादेव सट्टा एप मामले में रायपुर सेंट्रल जेल में बंद सुनील दम्मानी की जमानत याचिका पर शनिवार को विशेष न्यायालय में बहस हुई। इसके बाद न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत ने महादेव सट्टा एप मामले में हवाला के जरिये पैसा विदेश भेजने के मामले को बेहद संवेदनशील बताते हुए दूसरी जमानत याचिका भी खारिज कर दी।

# गुजरात के खिलाफ जीत दर्ज कर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंची दिल्ली, मुंबई को छोड़ा

बेंगलुरू। महिला प्रीमियर लीग के दसवें मैच में गुजरात जाएंट्स को एक बार फिर हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली कैपिटल्स ने टीम 25 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मेग लैनिंग की अगुवाई वाली टीम ने गुजरात के खिलाफ आठ विकेट खोकर 163 रन बनाए। इसके जवाब में गुजरात की टीम 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 138 रन बना सकी। इस मैच में गुजरात का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। पारी की शुरुआत करने उतरी बेथ मूनी और लौरा वोलवार्ड्ट कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाईं। टीम को पहला झटका लौरा के रूप में लगा जो बिना खाता खोले पवेलियन लौट गईं। वहीं, मूनी सिर्फ 12 रन बना सकीं। इस मुकाबले में दिल्ली के गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ गुजरात का बल्लेबाजी क्रम लड़खड़ा गया। एश्ले गार्डनर के अलावा कोई भी बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। उन्होंने 40 रन बनाए। इसके अलावा फीबी ने 15, वेदा ने 12, कैथराइन ने तीन, तनुजा ने 13 औ तरन्नुम पठान ने नौ रन बनाए। वहीं, मेघना और सायली क्रमशः 10 और सात रन बनाकर नाबाद रहीं।



इस मैच में दिल्ली के लिए राधा यादव और जेस जोनासन ने तीन-तीन विकेट हासिल किए। वहीं, शिखा पांडे और अरुंधति रेड्डी को एक-एक सफलता मिली।

### गुजरात के खिलाफ कप्तान लैनिंग ने जड़ा अर्धशतक

महिला प्रीमियर लीग के दसवें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात जाएंट्स को 164 रन का लक्ष्य थमाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान मेग लैनिंग की अर्धशतकीय पारी के बदौलत 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 163 रन बनाए। ये उनका इस सीजन में दूसरा अर्धशतक है। गुजरात के खिलाफ दिल्ली की दमदार शुरुआत हुई। मेग लैनिंग ने 41 गेंदों में 55 रन बनाए। वहीं, शेफाली वर्मा ने एक चौके और एक छक्के की मदद से 13 रन बनाए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरीं एलिस कैप्सी ने 27 रन बनाए। उन्हें मेघना सिंह ने अपना शिकार बनाया। इस मैच में जेमिमा सात, एनाबेल सदरलैंड ने 20, जेस जोनासन ने 11, अरुंधति रेड्डी ने पांच, राधा यादव ने पांच रन बनाए। वहीं, शिखा पांडे 14 रन बनाकर नाबाद रहीं। गुजरात के लिए मेघना सिंह ने सर्वाधिक विकेट लिए। उन्होंने चार विकेट चटकाए। वहीं, एश्ले गार्डनर को दो और तनुजा व मन्नत को एक-एक सफलता मिली।

### अंक तालिका का हाल

गुजरात के खिलाफ एकतरफा जीत दर्ज करते ही मेग लैनिंग की अगुवाई वाली टीम ने अंक तालिका में बड़ा बदलाव किया है। मुंबई को पीछे छोड़कर दिल्ली पहले स्थान पर पहुंच गई है। टीम के नेट रनरेट में भी सुधार हो गया है। हालांकि, दोनों टीमों के खाते में छह-छह अंक है। इस मैच में हार के साथ गुजरात पांचवें नंबर पर बरकरार है। तीसरे नंबर पर यूपी वॉरियर्स है जिसके खाते में चार अंक हैं।

# जिला स्तरीय बहुभाषा कार्यशाला में राजनांदगांव, मोहला-मानपुर- अं. चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के प्रतिभागी हुए शामिल







राजनांदगांव(दावा)। राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार एवं कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा राजनांदगांव के मार्गदर्शन एवं डीएमसी सतीश ब्योहरे के निर्देशन में दिनांक 2 मार्च को जिला स्तरीय बहुभाषा शिक्षण के लिए प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में बच्चों की भाषा में सीखने-सिखाने हेतु सामग्री निर्माण एवं उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। इस प्रशिक्षण में राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त किए मास्टर ट्रेनर्स द्वारा सभी विकासखंड से 5-5 शिक्षकों के हिसाब से 45 शिक्षकों को विकासखंड के मास्टर ट्रेनर्स के रूप में तैयार किया गया। विकासखंड के मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने विकासखंड में जोन स्तर पर प्रत्येक विद्यालय से एक शिक्षकों को बहुभाषा शिक्षण से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

इस प्रशिक्षण में बच्चों के सीखने में भाषा की भूमिका और प्रथम भाषा के रूप में उनके घर के भाषा का महत्तव पर फोकस किया गया, जिसमें सीखने-सिखाने में बच्चों की भाषा का महत्व, भाषा विकास से संबंधित भ्रांतियां क्या-क्या है, बहुभाषा शिक्षा क्या है, बहुभाषा शिक्षा के लाभ को बताया गया, चूंकि बच्चें सबसे पहले अपनी बात को अपने घर की भाषा में करते है और वे अपनी भाषा के शब्दावलियों का प्रयोग करते हुए अपनी बात को कक्षा में रखते है, इसलिए शिक्षक को भी चाहिए कि बच्चों को कम से कम प्राथमिक स्तर तक की शिक्षा उनकी मातृभाषा में दिया जाये। इसके लिए बच्चों के घर की भाषा का प्रयोग विशेष रूप से करने की आवश्यकता है। बहुभाषा शिक्षा अंतर्गत बच्चों को दूसरी भाषा सिखाने की रणनीतियां एवं सामुदायिक सहभागिता सहित अन्य बिन्दुओं पर बारी-बारी से जानकारी दी गई।

इस अवसर पर सहायक जिला परियोजना अधिकारी पीसी मरकल्ले ने बताया कि नई शिक्षा नीति-2020 में प्राथमिक स्तर तक के बच्चों की शिक्षा उनकी मातृभाषा में दिए जाने का प्रावधान है। हमारे जिले में अधिकांश भागों में हिन्दी एवं छत्तीसगढ़ी बोली जाती है, जिसके संबंध में जिला स्तर एवं राज्य स्तर पर विभिन्न सामग्रियों का निर्माण हुआ है। राज्य स्तर पर भी छत्तीसगढ़ी भाषा में पाठ्य-पुस्तकों का प्रकाशन किया जा रहा है, जो निश्चित रूप से हमारे बच्चों के लिए विशेष लाभदायी है। एपीसी मो. रफीक अंसारी ने बताया कि प्राथमिक स्तर की शिक्षा उनके मातृभाषा में देने से बच्चें, स्कूली शिक्षा से जुड़ेंगे, नियमित रूप से स्कूल आएंगे और तभी हम एफएलएन के लक्ष्य की प्राप्ति कर पाएंगे। इस दौरान पीसी वासनिक, पीआर झाडे, अंगना मा शिक्षा के एसआरजी कमला सिन्हा, मास्टर ट्रेनर्स राजेश कुमार प्रजापति, रामलाल साहू, अविनाश मानिकपुरी, राम पटेल, स्वाति सोमवानी नेहा साहू तथा विकासखंड के मास्टर ट्रेनर्स एवं अन्य उपस्थित रहे।

# 14 लोगों की मौत की वजह बना क्रिकेट, आंध्र रेल हादसे को लेकर रेल मंत्री ने किया बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली (आरएनएस)। आंध्रप्रदेश के विजयनगरम जिले के कंटाकापल्ली में 29 अक्टूबर 2023 को ट्रेन दुर्घटना हुई थी। इस दुर्घटना में 14 लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना में 50 यात्री घायल भी हुए थे। कंटाकापल्ली में हावड़ा-चेन्नई लाइन पर रायगड़ा पैसेंजर ट्रेन ने विशाखापत्तनम पलासा ट्रेन को पीछे से टक्कर मार दी थी। अब इस घटना को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है।**



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि ड्राइवर और असिस्टेंट ड्राइवर मोबाइल पर क्रिकेट मैच देख रहे थे। अश्विनी वैष्णव ने बताया, आंध्र प्रदेश में हालिया मामला इसलिए हुआ क्योंकि लोको पायलट और असिस्टेंट पायलट दोनों का ध्यान क्रिकेट मैच के कारण भटक गया था। अब हम ऐसे सिस्टम स्थापित कर रहे हैं जो इस तरह के किसी भी घटना का पता लगा सकते हैं और सुनिश्चित कर सकते हैं कि पायलट और असिस्टेंट पायलट ट्रेन चलाने पर पूरा ध्यान करें।

अश्विनी वैष्णव ने कहा, हम सुरक्षा पर अपना ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे। हम हर घटना के मूल कारण का पता लगाने की कोशिश करते हैं और हम एक समाधान लेकर आते हैं ताकि ये दोबारा न हो। हालांकि रेलवे सुरक्षा आयुक्त (छ्रक्रस्) द्वारा की गई जांच रिपोर्ट अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है। लेकिन दुर्घटना के एक दिन बाद रेलवे की प्रारंभिक जांच में रायगड़ा पैसेंजर ट्रेन के चालक और सहायक चालक को टक्कर के लिए जिम्मेदार ठहराया गया था। उनके ऊपर आरोप था कि नियमों का उल्लंघन कर दो खराब ऑटो सिग्नल उन्होंने पास कर दिए थे। दुर्घटना में चालक दल के दोनों सदस्यों की मौत हो गई थी।

# संस्कारसिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विकसित भारत-2047 के अंतर्गत व्याख्यान संपन्न





राजनांदगांव (दावा)। संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला में 29 फरवरी 2024, दिन-गुरूवार को आईक्यूएसी सेल के अंतर्गत राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विकसित भारत-2047 के अंतर्गत भारत के महान वैज्ञानिक एवं उनके आविष्कार पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा के द्वारा मां सरस्वती एवं डॉ. सीवी रमन जी के चलचित्र पर पुष्प अर्पित कर, दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात् प्राचार्य के द्वारा उद्बोधन दिया गया। साथ ही कार्यक्रम प्रभारी सृष्टि शर्मा ने विज्ञान दिवस की महत्ता प्रशिक्षणार्थियों के समक्ष प्रस्तुत की। तत्पश्चात् विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें बीएड द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थी अमन शुक्ला के द्वारा सीवी रमन एवं उनके आविष्कार रमन इफेक्ट, मेघा देवांगन द्वारा सुब्रमन्यम चंद्रशेखर के आविष्कार तारों के विकास व विनय कुमार ने महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के विषय में व नीलम ने सर जेसी बास के आविष्कार क्रेस्कोग्राफ, श्रद्धारानी ने भारत के प्राचीनतम खगोलशास्त्री व गणितज्ञ आर्यभट्ट के योगदान एवं बीएड चतुर्थ सेमेस्टर की अम्बिका वर्मा के द्वारा महान गणितज्ञ शकुंतला देवी एवं उनकी उपलब्धि पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। व्याख्यान प्रस्तुतिकरण के पश्चात् महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा, महाविद्यालय के समन्वयक नरेश जोशी, आईक्यूएसी प्रभारी श्रीमती सुरवि भट्टाचार्य द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर, उनके प्रस्तुतिकरण की सराहना कर उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। कार्यक्रम के अंत में आईक्यूएसी प्रभारी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं बीएड व डीएलएड के प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## ढाबा संचालक ने आबकारी अधिकारी पर रिश्वत नहीं देने पर फर्जी मामले में फंसाने का आरोप लगाया

बिलासपुर। ढाबा संचालक ने आबकारी अधिकारी पर 50 हजार रुपए नहीं देने पर देशी दारू की जब्ती बनाकर बड़े भाई को फंसाने का आरोप लगाया है. ढाबा संचालक ने इस संबंध में सीसीटीवी फुटेज के साथ आबकारी निरीक्षक को पत्र सौंपते हुए निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है. मामला रतनपुर के गहलोत ढाबा का है. ढाबा संचालक आशीष सिंह गहलोत ने आबकारी निरीक्षक को लिखे पत्र में बताया कि 2 मार्च को सुबह 10-11 बजे उसके ढाबे में मोटर साइकिल सीजी-10 एडब्लू 2099 से एक युवक पहुंचा, जो अपने आप को आबकारी अधिकारी बताते हुए ढाबा में खोजबीन करने लगा. थोड़ी देर बाद एक स्कार्पियो में एक अधिकारी ढाबा पहुंचा. गाड़ी के ड्राइवर ने उसे बाहर बुलाकर पैदल नवापारा चौक तक ले जाकर कोरे कागज में जबरदस्ती हस्ताक्षर करवाते हुए मेरी हाथ घड़ी को लूटकर रख लिया.

# कमला कालेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के प्रमुख मार्गदर्शन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के समस्त स्नातकोत्तर विभाग के प्राध्यापक एवं छात्राएं उपस्थित रही। राष्ट्रीय स्तर पर मनाये जाने वाले राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 का थीम इण्डीजिनस टेक्नोलॉजी फॉर विकसित भारत रखा गया है। इस कार्यक्रम का सुचारू रूप से संचालन डॉ. ओंकारलाल श्रीवास्तव की संयोजकता में हुआ।

संस्था प्रमुख डॉ. आलोक मिश्रा ने रमन प्रभाव की महत्ता पर प्रकाश डाला एवं विज्ञान के क्षेत्र में इस प्रभाव के विभिन्न आयामों के बारे में संक्षिप्त जानकारी उपलब्ध करायी। साथ ही उन्होंने मूलभूत वस्तुओं के मेनेफेक्चरिंग में भारत की विदेशों पर निर्भरता पर चिंता व्यक्त की एवं स्वदेशी की उपयोग हेतु प्रेरित किया। डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव विभिन्न ग्लोबल इण्डेक्स में भारत की स्थिति के साथ ही भारत कैसे विकासशील से विकसित राष्ट्र के ओर अग्रसर के बारे में बताया। डॉ. एमके मेश्राम ने डॉ. सीवी रमन की उपलब्धियां एवं जीवविज्ञान के विभिन्न क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। श्रीमती नंदनी चन्द्रवंशी ने इसरो के चन्द्रयान, आदित्य एल-1 मिशन तथा नासा के भविष्य की योजनाएं जैसे मार्स मिशन के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में विज्ञान संकाय की छात्राओं ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्राणीशास्त्र की छात्राओं सुरतिया तुलावी ने वैज्ञानिक अनुसंधान में युवाओं की सहभागिता के बारे में बतलाया कि आज युवा जीव विज्ञान, आणविक विज्ञान, सूक्ष्म जीवविज्ञान के क्षेत्र में ज्ञान अर्जित कर राष्ट्र को विकसित बनाने में अपना योगदान दे रहे है तथा कु. सुमन वर्मा ने विज्ञान के विकास में प्राणीशास्त्र का योगदान तथा चिकित्सकीयों टीकों, एंटीबायोटीक दवाओं की उपयोगिता पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। रसायन शास्त्र की छात्राओं कु. स्नेहा उईके ने रमन प्रभाव तथा पारदर्शी माध्यम से प्रकाश के गुजरने पर उसके आयाम तथा तरंगदैर्ध्य में होने वाले परिवर्तन के बार में बतलाया। कु. अंगेश्वरी टोप्पों ने कृषि, अंतरिक्ष, टैक्नोलॉजी आदि के क्षेत्र में रसायन शास्त्र की उपयोगिता के बारे में बतलाया। वनस्पति शास्त्र की छात्रा कु. प्रियंका ने क्लाईमेट चेंज तथा ग्लोबल वार्मिंग का विश्व तथा भारत पर प्रभाव एवं इसके नियंत्रण के लिए वैश्विक तथा राष्ट्रीय स्तर पर किए गए प्रयासों के बारे में बतलाया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नीलम राम धनसाय द्वारा किया गया। महाविद्यालय स्टॉफ से पोषण साहू, कु. डाकेश्वरी वर्मा, कु. डूमन बघेल का विशेष सहयोग एवं रेवती रमन साहू, धनेश पटेल से तकनीकी सहयोग प्राप्त हुआ।

## दिग्विजय महाविद्यालय में शिक्षक अभिभावक व एल्युमिनि बैठक आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वसाशी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर के मार्गदर्शन एवं विभाग अध्यक्ष डॉ. पी.बी. टॉक के दिशा निर्देशन में महाविद्यालय के भौतिक शास्त्र विभाग में शिक्षक अभिभावक बैठक एवं एल्युमिनि बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एम.एस.सी. द्वितीय तथा चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष डॉ.पी.बी. टांक द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ। तत्पश्चात प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर अभिभावकों को महाविद्यालय के विभिन्न संसाधनों जैसे ही इंग्लिश लैंग्वेज लैब, कम्प्यूटर लैब, रीडिंग रूम आदि की जानकारी दी गई तथा विद्यार्थियों को निर्देशित किया गया की वे इनका अधिक से अधिक लाभ लें। इस बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों की कुछ विशेषताएं एवं उनकी समस्याओं के विषय में अवगत कराया गया तथा प्राचार्य द्वारा उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया।

एल्युमिनि बैठक का आयोजन ऑनलाइन तथा ऑफ्लाइन दोनों मोड में किया गया। भौतिक शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डा.पी.बी.टांक द्वारा यह बताया गया की भौतिकी के विद्यार्थी विभिन्न पदों सहायक प्राध्यापक, व्याख्याता, सिविल सर्विसेस तथा विभिन्न संस्थानों आदि में साइंटिस्ट के पद पर कार्यरत है जिस पर विभाग को गर्व है। इस कार्यक्रम में भौतिक शास्त्र विभाग के भूतपूर्व छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।

# कॉन्फ्लुएंस कॉलेज के कम्प्यूटर विभाग द्वारा लाइनक्स ऑपरेटिंग सिस्टम पर व्याख्यान




राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लुएंस कॉलेज के कम्प्यूटर विभाग द्वारा लाइनक्स ऑपरेटिंग सिस्टम के शैल प्रोग्रामिंग टॉपिक पर गेस्ट लैक्चर कराया गया। जिसमें मुख्य स्पीकर के रुप में सुश्री सुहानी पांडे उपस्थित रही। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि शेल प्रोग्रामिंग, शेल कमांड से बने प्रोग्राम को कहते हैं.

शेल प्रोग्राम, उपयोगकर्ताओं को कर्नेल में सेवाओं तक पहुंचने के लिए एक इंटरफ़ेस प्रदान करता है. कर्नेल, ऑपरेटिंग सिस्टम की मुख्य सेवाओं का प्रबंधन करता है. इस व्याख्यान को कराने का मुख्य उद्देश्य यह था कि विद्यार्थियों को सेल प्रोग्रामिंग से अवगत कराना तथा लिनक्स और यूनिक्स उपयोगकर्ताओं को कमांड-लाइन इंटरफ़ेस के साथ अपने ऑपरेटिंग सिस्टम को नियंत्रित करने देना है।

इसी क्रम में उन्होंने बताया कि शेल प्रोग्राम, शेल कमांड से बना होता है. शेल प्रोग्रामों की व्याख्या हर बार चलाए जाने पर की जाती है. शेल स्क्रिप्ट, शेल और ऑपरेटिंग सिस्टम कमांड का एक अनुक्रम होता है जो एक फ़ाइल में संग्रहीत होता है. शेल स्क्रिप्ट, आमतौर पर कमांड अनुक्रमों के लिए बनाई जाती है. शेल स्क्रिप्टिंग का उपयोग, मुख्य रूप से दोहराए जाने वाले सिस्टम कार्यों को स्वचालित करने के लिए किया जाता है. महाविद्यालय के प्राचार्य बी.डी. प्रधान ने व्याख्यान कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि कम्प्यूटर उपयोगकर्ताओं के लिए लाइनेक्स ऑपरेटिंग सिस्टम में कार्य करने हेतु सेल प्रोग्रामिंग को बहुत महत्वपूर्ण बताया तथा इसके इसकी अच्छे से जानकारी होना चाहिए बताया जिससे वे बेहतर स्क्रिप्ट प्रोग्रामिंग लिखने में सफल हो सके। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विद्यार्थीगण एवं प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

# जनपद पंचायत मानपुर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक

मोहला (दावा)। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह के द्वारा जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी अंतर्गत जनपद पंचायत मानपुर भ्रमण के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने जनपद पंचायत मानपुर के ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत निर्मित होने वाले हितग्राहियों के आवास तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के तहत निर्मित होने वाले कार्यो के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई।

जिसमें सीईओ जिला पंचायत द्वारा समीक्षा बैंठक में कहा गया कि हम सभी का एकमात्र उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाना ही है, इसके लिए हमें लक्ष्य निर्धारण कर तेजी से कार्य करने की जरूरत है। वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लक्षित हितग्राहियों को जल्द से जल्द पक्के आवास बनाने में मदद करना ही प्रमुख लक्ष्य है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत स्वीकृत अप्रारंभ आवास/प्रगतिरत आवासों का डोर-टू-डोर निरीक्षण कर हितग्राहियों से समन्वय स्थापित करते हुए जल्द से जल्द आवासों को पूर्ण करावें, प्रत्येक तकनीकी सहायक प्रतिदिन हितग्राहियों से संपर्क करें, जिससे उन्हें आवश्यक संसाधन बिना किसी रूकावट के प्राप्त हो सकें। हमारा प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए कि प्रत्येक आवास हितग्राही आने वाले दिनों मे अपने पक्के मकान में रहना शुरू कर दें।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत निर्मित होने वाले ठोस तरल आपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत निर्माणाधीन शेड निर्माण को एक सप्ताह में पूर्ण करने, सामुदायिक शोकपिट अंतर्गत निर्माणाधीन कार्य, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्यो को जल्द से जल्द से पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मानपुर हनीश मोहम्मद, सहायक परियोजना अधिकारी आवास/स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), जिला समन्वयक आवास/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), आवास समन्वयक, विकास खण्ड समन्वयक, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), तकनीकी सहायक आवास/मनरेगा, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक भी उपस्थित रहें। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा आवास एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के कार्यो को समय-सीमा में पूर्ण कराने का आश्वासन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत को दिया गया।

# खेल मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा रक्षित केन्द्र पहुंच कर बढ़ाया खिलाड़ियों का मनोबल

**राजनांदगांव (दावा)। खेल व युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने रक्षित केंद्र पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेल किट सामग्री व प्रमाण पत्र प्रदान की।**



किया किट सामग्री व प्रमाण पत्र का वितरण

बता दें कि पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत विभिन्न प्रकार के खिलाड़ियों एवं छात्रों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। तीरंदाजी, वॉलीबॉल, बास्केट बॉल, कबड्डी के नेशनल लेबल खिलाड़ी जिनकों पुलिस विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के ट्रेनिंग दी जा रही है।

अग्निवीर/पुलिस भर्ती परीक्षा के अभ्यार्थियों को फिजिकल व रिटर्न के ट्रेनिंग दी जा रही है। इस दौरान 7 जनवरी को रक्षित केन्द्र में पहुंच कर छ.ग. शासन खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा खिलाड़ियों से रूबरू होकर उनका मनोबल बढ़ाया गया। साथ ही साथ मौके पर अग्निवीर और पुलिस भर्ती के अभ्यार्थियों को लिखित पेपर के लिये पुस्तके प्रदान की गई। मंत्री जी द्वारा बालीबाल नेट, क्रिकेट किट व सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पर देकर उनका मनोबल को बढ़ाया गया और खेल पर ध्यान लगाकर कड़ी मेहनत कर अपने जिला और राज्य का नाम रोशन करने हेतु शुभकामनायें एवं बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, सहा. सेनानी 8वीं वाहनी राकेश सिंह, एडीएम अरूण वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल उपस्थित थे।

# मंत्री ओपी चौधरी ने छात्रों से की परीक्षा पर चर्चा, छात्रों के सवालों के दिए जवाब, कहा- मेहनत ऐसा करो कि आपका हस्ताक्षर एक दिन ऑटोग्राफ बन जाए

रायपुर। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से छात्रों से परीक्षा पर चर्चा की. इस दौरान उन्होंने छात्रों को संदेश देते हुए कहा कि सफलता असफलता जीवन का हिस्सा है. लेकिन व्यक्ति को लगातार अपनी काबिलियत पर काम करना चाहिए, व्यक्तित्व को मजबूत बनाना चाहिए, कठिन परिस्थितियों में सकारात्मक भाव से धैर्य के साथ अपना प्रयास जारी रखना चाहिए. ये गुण किसी भी व्यक्ति के लिए जीवन में सफल होने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं. मंत्री चौधरी ने बच्चों को बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परिणाम की चिंता किए बगैर अपना बेस्ट देने पर फोकस करें.

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि व्यक्ति को अपने भीतर ऐसे मानवीय गुणों का विकास करना चाहिए जो उसके सफलता के लिए सहायक हो. लक्ष्य के प्रति समर्पण और परिश्रम करने की क्षमता बढ़ानी चाहिए. उन्होंने कहा कि इससे फर्क नही पड़ता कि आप असफल होते हो, अगर आप ईमानदारी से प्रयास करते हैं तो आगे बड़ी सफलता को जरूर प्राप्त करेंगे. उन्होंने अपनी शैक्षणिक और पारिवारिक पृष्ठभूमि पर चर्चा करते हुए बताया कि आईएएस बनने के लक्ष्य के साथ उन्होंने मेहनत की. परिस्थितियां कैसी भी हों, हमेशा अपना बेस्ट देने का प्रयास किया. इससे वे देश की सबसे कठिन परीक्षा पास करने में सफल रहे. आगे उन्होंने राजनीतिक जीवन में प्रवेश करने का निश्चय किया. इसके लिए भी लगातार मेहनत की.



इस मौके पर उन्होंने छात्रों के सवालों के जवाब दिए चिन्मय डनसेना ने पूछा कि परीक्षा के एक दिन पहले होने वाले तनाव को कैसे दूर करें. वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि परीक्षा के दौरान तनाव स्वाभाविक है. लेकिन आप यह ध्यान रखें कि पूरे साल भर के मेहनत का सार परीक्षा के 3 घंटों में निकलता है. इसलिए अपना मन शांत रखें और उन 3 घंटों में शांत चित्त से अपना बेस्ट देने पर फोकस करें. परिणाम की चिंता मत करें. इससे चिंता और तनाव के कारण होने वाली गलतियों की संभावनाएं भी काफी कम हो जाएंगी. गीता में भी कहा गया है कि व्यक्ति को कर्म करने चाहिए फल की चिंता नहीं करनी चाहिए. प्रयास अच्छा है तो परिणाम भी अच्छा होगा. सिर्फ टॉपर होना या स्कूल में अच्छे परसेंटेज लाना ही जीवन में सफलता की गारंटी नहीं है. कई सफल लोग अपनी स्कूली और कॉलेज की पढ़ाई में असफल हुए लेकिन जीवन में उन्होंने सफलता के कीर्तिमान रचे और जीनियस कहलाए. रामानुजन 12वीं की परीक्षा में फेल हो गए थे, लेकिन आगे चल कर वे महान गणितज्ञ बने. मुंशी प्रेमचंद अपने प्रतिभा से शीर्ष साहित्यकारों में शुमार हुए. बिल गेट्स और स्टीव जॉब्स कॉलेज ड्रॉपआउट थे. लेकिन उन्होंने अपनी काबिलियत से जो काम किया आज वो इतिहास है. एक छात्र ने जब वित्त मंत्री ओपी चौधरी से पूछा कि वे अपना सिलेबस रिवीजन कैसे करते थे तो उन्होंने बताया कि नोट्स बनाकर पढ़ने से रिवीजन अच्छा होता है. नोट्स ऐसा हो जिस पर एक नजर मारने से पूरा चैप्टर क्लियर हो जाए. रिवीजन परीक्षा की तैयारी का अहम हिस्सा है.

### इमोशनल इंटेलिजेंस भी सफलता के लिए बेहद जरूरी

प्राची गुप्ता ने पूछा कि आज आईक्यू के साथ इक्यू को भी सफलता के लिए जरूरी बताया जाता है, यह क्या होता है. वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इस आज के समय में इक्यू को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आईक्यू बुद्धिमत्ता को दर्शाता है. वहीं इक्यू भावनात्मक गुणांक को बताता है. आज इमोशनल इंटेलिजेंस बहुत जरूरी है. यह विचार को लेकर भावनात्मक समझ और नकारात्मकता से निपटने में व्यक्ति की योग्यता को बढ़ाता है. यह बताता है कि हम अपने व्यक्तित्व को किस तरह से लेकर चल रहे हैं. किसी व्यक्ति का ईक्यू अच्छा होगा तो वह मन में आने नेगेटिव विचार के कारणों को समझ कर उसे दूर करने के लिए सही कदम उठा पाएगा. कठिन परिस्थिति में व्यक्तित्व बिखरेगा नही बल्कि उचित निर्णय ले पाएगा.

# बनभेड़ी में अवैध सितार गुटखा गोदाम पर पड़ा छापा

## जीएसटी की टीम ने मारा छापा, खाद्य विभाग की मिलीभगत भी सामने आई

राजनांदगांव (दावा)। शहर सहित जिलेभर में अवैध गुटखा का कारोबार बेधड़ चल रहा है. जिस पर ना तो प्रशासन कार्रवाई कर रहा है और ना ही विभाग. इससे लोगों के स्वास्थ्य पर बूरा असर पड़ रहा है. आज की युवा पीढ़ी भी इस नशे की ओर खिंची चली जा रही है. इस अवैध जर्दायुक्त गुटखा का गोदाम लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बनभेड़ी में बदस्तूर चल रहा था. जिस पर कल देर रात दुर्ग जीएसटी की टीम ने छापा मारा और कार्रवाई की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गत दो से तीन दिन पूर्व दुर्ग में जीएसटी की टीम ने कई गुटखा व्यापारियों के यहां छापामार कार्रवाई की थी.

जिसके इनपुट के आधार पर राजनांदगांव में भी जीएसटी की टीम ने छापामार कार्रवाई की है. कल देर रात जीएसटी की टीम ने राजनांदगांव शहर से लगभग 10 किमी दूर स्थित लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बनभेड़ी में डीपीएस स्कूल के पीछे बंद गोदाम में छापामार कार्रवाई की है. उक्त बंद गोदाम में सीएसटी की टीम को अनेक प्रकार की मशीने और कच्चे सामान सहित सितार पाऊच मिले है. जिस पर जीएसटी की टीम कार्रवाई कर रहा है. कार्यवाही के संबंध में कविता ठाकुर एसिस्टेंड कमिश्नर दुर्ग ने बताया की इनपुट के आधार पर कार्यवाही की गई है, पूरी जानकारी ऑफिस से कल बता चल पाएगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बनभेड़ी में बनाए



जा रहे अवैध सितार गुटखा की फैक्ट्री में गुटखा बनाने की मशीन, तम्बाखू की बोरियां, इलायची का छिलका, तराजू, गुटखा मिक्सर मशीन, सुपारी, कत्था और सितार के पाऊच आदि सामान फैक्ट्री में मिले है.

विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त फैक्ट्री के मालिक का नाम सागर बताया जा रहा है. दुर्ग में पड़े छापे के बाद फैक्ट्री मालिक द्वारा गोदाम में ताला लगा दिया गया था और जो माल बनाया गया था, उसे भी जला दिया गया था, लेकिन आधे जले माल को भी जप्ती बना लिया गया है. बताया जा रहा है कि उक्त फैक्ट्री में अवैध रूप से जर्दायुक्त सितार गुटखा बनाया जा रहा था. इस कारोबार में राजनांदगांव के एक व्यापारी का नाम भी सामने आ रहा है. जिस पर भी कार्रवाई करने की बात कहीं जा रही है.

कल देर रात जब बनभेड़ी स्थित सितार गुटाखा की फैक्ट्री में जीएसटी की टीम ने दबिश दी और जांच की तो टीम के भी होश उड़ गए. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सितार गुटखा में सुपारी, तम्बाखू, कत्था, इलायची के अलावा कांच का चूरा भी मिलाया जाता है. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कांच का चूरा मिलाने कारण यह है कि जब गुटखा मुंह में जाता है और जीभ तथा गाल को छीलता और उससे ब्लड निकलता है, जिससे गुटखा खाने वालों को स्वाद अलग ही लगता है. इसलिए इसका इस्तेमाल किया जाता है. छत्तीसगढ़ राज्य जीएसटी के ई-वे बिल जांच दल ने एक मार्च को चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध वाहन का पीछा कर दुर्ग जिले के चंद्रखुरी मे संचालित अघोषित गुटखा फैक्ट्री में कार्रवाई की। इससे पहले संदिग्ध वाहन चालक ने जीएसटी जांच दल को चकमा देने की पूरी कोशिश की और पहचान छिपाने के लिए पैकिंग मटेरियल को जला दिया, हालांकि जांच दल के सदस्य फिर भी गुटखा फैक्ट्री तक पंहुच ही गए।

### शहर सहित जिले में कई अवैध गोदाम

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर सहित जिलेभर में कई अवैध गुटखा की फैक्ट्री और गोदाम है. मिठी सुपारी बनाने के नाम पर अवैध गुटखा का कारोबार किया जा रहा है. जिसकी जानकारी विभाग तथा संबंधित थानों को भी है. लेकिन अवैध गुटखा के कारोबार पर कार्रवाई करने की बजाए उसे खुला संरक्षण दिया जा रहा है. जिसे लोगों के स्वास्थ्य पर बूरा असर पड़ रहा है. शहर के नंदई, उदयाचल के पास, ठेठवार पारा, दीवान पारा, गठुला, नवागांव, गोल बाजार, स्टेशन के पास आदि कई जगह पर गुटखा के गोदाम संचालित है.

# कलेक्टर ने बैंकों में महतारी वंदन योजना अंतर्गत महिलाओं के बैंक खाते से आधार सीडिंग एवं डीबीटी कार्य का किया अवलोकन



- महिलाओं हितग्राहियों के बैंक खाते से आधार सीडिंग के कार्य को समयावधि में पूर्ण करने बैंक अधिकारियों को दिए निर्देश
- महतारी वंदन योजना के लिए विशेष काउन्टर की व्यवस्था रखने कहा

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज बैंकों में महतारी वंदन योजना अंतर्गत महिलाओं के बैंक खाते से आधार सीडिंग एवं डीबीटी कार्य का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने महिलाओं हितग्राहियों के बैंक खाते से आधार सीडिंग के कार्य को समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश बैंक अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने बैंकर्स को 5 मार्च तक महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन के लिए विशेष काउन्टर की व्यवस्था उपलब्ध कराने कहा।

उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना के तहत पात्र 21 वर्ष से अधिक विवाहित महिला, तलाकशुदा महिला, परित्यक्ता महिला को प्रतिमाह 1000 रूपए उनके आधार लिंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। बैंकों के माध्यम से इस कार्य को 5 मार्च 2024 तक पूर्ण किया जाना है। जिसके लिए जिले के सभी बैंक शाखाओं को केवल महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन हेतु बैंकों में विशेष काउन्टर की व्यवस्था चालू रखने निर्देशित किया गया है। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नाबालिग से देह व्यापार कराने का भंडाफोड़



**एक महिला और तीन ग्राहक गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल**

राजनांदगांव (दावा)। जिले में शनिवार को पुलिस ने छापेमारी कर नाबालिग से देह व्यापार कराने वाले 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें रायपुर की महिला और तीन ग्राहक शामिल हैं। घटना क्रिया पुलिस थाना क्षेत्र शामिल हैं। घटना छुरिया पुलिस थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने आरोपियों के पास से नाबालिग को बरामद कर पूछताछ की। पूछताछ और आगे की जांच के बाद पुलिस ने देह व्यापार में शामिल रायपुर चंगोरा भाठा की महिला को भी गिरफ्तार किया। आरोपी मुस्कान से हुई पूछताछ के आधार पर नाबालिग से ग्राहक बनकर दुष्कर्म करने वाले चेतन नवरंगे, तोरण सोनकर, धनंजय धृतलहरे और महिला साधना वैष्णव को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# भाजपा से संतोष पाण्डेय तो कांग्रेस से भूपेश बघेल, छन्नी साहू, दलेश्वर सहित पदम कोठारी की चर्चा

## आजकल में कांग्रेस प्रत्याशी कि नाम हो सकता है घोषित



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा ने अंततः राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में वर्तमान सांसद संतोष पाण्डेय को दोबारा प्रत्याशी घोषित किया है। वहीं कांग्रेस से पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू, दलेश्वर साहू, जितेन्द्र मुदलियार व पदम कोठारी का नाम चर्चा में है।

बता दें कि श्री पांडेय द्वारा पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी भोलाराम साहू को एक लाख से ज्यादा मतों से पटखनी देने के बाद श्री पांडेय के सामने कांग्रेस की ओर से किसी दमदार प्रत्याशी को उतारे जाने की अंदरूनी कवायद होने लगी है। इसमें सबसे ज्यादा नाम प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नाम सामने आ रहा है। वहीं दूसरे क्रम में डोंगरगांव से तीन बार के विधायक दलेश्वर साहू के नाम का भी जोर है। इसी तरह खुज्जी विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू का नाम भी जबरदस्त चर्चा में हैं।

बता दें कि विधानसभा चुनाव में जबरदस्त जीत के बाद भाजपा ने प्रदेश में लोकसभा के अपने सारे प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। इसी तरह विधानसभा चुनाव में बुरी तरह पराजित कांग्रेस भी लोकसभा चुनाव के लिए फूंक-फूंक कर पैर रख रही हैं। कांग्रेस पार्टी इस बार छत्तीसगढ़ के 11 लोकसभा सीटों में नए चेहरे को मौका देने की सोच रखी है तो इन नये चेहरे में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से पदम सिंह कोठारी पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष और कुलबीर सिंह छाबड़ा वर्तमान में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष है का नाम सामने आ रहा है।

वैसे डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू व खुज्जी की पूर्व विधायक छन्नी साहू लोकसभा प्रत्याशी के रुप में नये चेहरे हो सकते हैं। बहरहाल राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र से बुरी तरह पराजित होकर डोंगरगढ़, डोंगरगढ़, मोहला-मानपुर, खैरागढ़, खुज्जी विधानसभा में जीत दर्ज कराने वाले कांग्रेस पार्टी के पास भाजपा प्रत्याशी श्री पांडेय से टकराने के लिए पूर्व सीएम भूपेश बघेल को उतारे जाने की चर्चा ज्यादा सरगर्म है।

वैसे देखना यह है कि राजनांदगांव विधानसभा चुनाव में बाहरी प्रत्याशी थोप कर अपनी लुटिया डूबो चुकी कांग्रेस को इस बार फिर से बाहरी प्रत्याशी थोपे जाने का साहस दिखा सकती है या नहीं। यह आने वाला समय बताएगा। वैसे आजकल में कांग्रेस से लोकसभा से कौन प्रत्याशी बनता है पता चल जाएगा। लोग तो यही चाहते हैं कि इस बार स्थानीय प्रत्याशी को ही मौका मिले।

# स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में सैकड़ों लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण



रायपुर (दावा)। लोहिया पेपर एंड बोर्ड प्रा. लिमिटेड रायपुर एवं श्री राम पैथोलॉजिकल लैब के संयुक्त तत्वाधान में सीआरएस के अंतर्गत 3 मार्च 2024 को सुबह 9 बजे से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर पंचायत भवन बाजार चौक ग्राम-बरोदा जिला रायपुर में संपन्न हुआ। जिसमें बीपी, शुगर एण्ड फुल बॉडी चेकअप आदि की विशेष जांच किया गया।

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री भागवत साहू (उपसरपंच) ग्राम बरोदा रायपुर और कंपनी के प्रतिनिधि सुजीत कुमार झा के हाथों संपन्न हुआ। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराकर लाभ लिया।

# शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार




राजनांदगांव (दावा)। गत 11 फरवरी को प्रार्थिया रिपोर्ट दर्ज करायी कि वर्ष 2009 में राकेश रोशन टेकाम से दोस्ती हुई थी तब से एक दूसरे से मोबाइल में बातचीत करते थे एवं एक दूसरे को पंसद करने लगे, वर्ष 2013 में जून के महीने में राकेश रोशन टेकाम मेरे घर शांतिनगर आया मेरे घर में कोई नहीं था अकेलेपन का फायदा उठाकर मुझे शादी करने का आश्वासन देते हुये जबरदस्ती मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाया और लगातार शादी का प्रलोभन देकर नवंबर 2021 तक शारीरिक संबंध बनाया और शादी करने के लिए बोलने पर एसटी/एससी एक्ट में फंसा देने एवं परिवार को नुकसान पंहुचाने की धमकी देता है कि प्रार्थिया की रिपोर्ट पर धारा 376,376 (2) (एन), 506 भादंवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूलदेव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन में चिखली पुलिस की टीम गठित कर आरोपी का पतासाजी तकनीकी सहयोग और मुखबीर लगाकर किया जा रहा था, कि जरिये मुखबीर से आरोपी के बगीचा जशपुर में होने की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस टीम बगीचा जशपुर पहुंचकर पतासाजी कर आरोपी राकेश रोशन टेकाम पिता गणपत टेकाम उम्र 35 वर्ष साकिन ग्राम हथरा पोस्ट दिगवाड़ी थाना खडगांव हाल पता ग्राम पेटा, बगीचा जिला जशपुर को पकड़ा गया।

उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी चिखली उप निरीक्षक नरेश कुमार बंजारे, महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले, आरक्षक राजकुमार बंजारा, छत्रपाल वर्मा और सायबर सेल से आरक्षक हेमंत साहू का महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।

# खूबचंद एवं गौतम पारख को भातृशोक



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख एवं गौतमचंद पारख के छोटे भाई एवं स्वर्गीय शिवचंद जी पारख के पुत्र अजय पारख (लालू) का आज रात्रि 10.30 बजे गंज लाइन स्थित उनके निवास में हृदयाघात से निधन हो गया। वे 54 वर्ष के थे।

मिलनसार एवं धर्मनिष्ठ श्री पारख अपने पीछे पत्नी भावना पारख, एक पुत्र केतन पारख एवं एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा कल चार मार्च सोमवार को दोपहर 2 बजे उनके निवास स्थान से लखोली मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

# ब्याज में पैसे देकर महिला से डेढ़ करोड़ की धोखाधड़ी, बेटी को उठा लेने की दी धमकी, मामला दर्ज




राजनांदगांव(दावा)। चार लाख रुपये ब्याज में देकर डेढ़ करोड़ की ठगी करने का मामला सामने आया है। चिखली निवासी संगीता तिवारी कपड़ा का व्यवसाय करती है। कोरोना काल के दौरान व्यवसाय में काफी घाटा हुआ। इसके बाद संगीता ने अपनी आर्थिक परेशानी दुकान की नियमित ग्राहक आशा अग्रवाल को बताते हुए पैसों की आवश्यकता बताई।

इस दौरान आशा अग्रवाल ने कहा कि मैं ब्याज में पैसा देती है। इसके बाद प्रार्थी ने आशा से चार लाख अलग-अलग किश्तों में ले ली। यहीं नहीं आशा ने प्रार्थी से कोरे चेक और स्टाम्प में हस्ताक्षर कराकर अपने पास रख लिया। प्रार्थी संगीता हर माह मूलधन के अलावा ब्याज भी जमा करती थी। बीच में प्रार्थी ने मूलधन और ब्याज देने में असमर्थता जताई। इसके बाद आशा अग्रवाल लड़के भेजकर प्रार्थी और उसकी बेटी को उठा लेने की धमकी देती थी।

आशा अग्रवाल के धमकी के बाद प्रार्थी संगीता ने अपने चिखली स्थित दो मंजिला दो मकानों व ग्राम ढाबा स्थित प्लाट को परवेज अहमद नामक युवक से एक करोड़ 60 लाख रुपये में बिक्री करने का पक्का सौदा किया। प्रार्थी ने समय-समय पर मूलधन के साथ-साथ ब्याज भी जमा कर चुकी है। इसके बावजूद उसे उठा लेने की धमकी दी जा रही है। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि अब तक आशा अग्रवाल डेढ़ करोड़ वसूल चुकी है। मामले में कोतवाली पुलिस अपराध पंजीबद्ध कर जांच में जुट गई है।

# दुर्ग के पद्मनाभपुर में धर्मांतरण के आरोपों पर हुआ बवाल, पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाया थाने, दर्ज हुई शिकायत

दुर्ग (दावा)। धर्मांतरण को लेकर पद्मनाभपुर थाना इलाके में जमकर बवाल हुआ. दरअसल बजरंग दल को सूचना मिली थी कि उड़िया बस्ती में पिछले कई दिनों से लगातार प्रार्थना सभा के माध्यम से धर्मांतरण किया जा रहा है. धर्मांतरण की शिकायत मिलने के बाद बजरंग दल के लोग रायपुर नाका चर्च पहुंचे और वहां पर हंगामा कर दिया.

हंगामे के दौरान दूसरे पक्ष से उनका विवाद भी हुआ. हंगामे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस की टीम पहुंची. आरोप है कि पुलिस की टीम पर भी भीड़ ने पथराव कर दिया. पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने पर बुलाकर शिकायत दर्ज की है. पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वो शांति व्यवस्था बनाए रखें.






### धर्मांतरण कराए जाने का आरोप

बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का कहना था कि लंबे वक्त से उड़िया बस्ती में प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा था. रायपुर नाका चर्च में प्रार्थना सभा के जरिये लोगों के धर्मांतरण की भी लगातार शिकायत मिल रही थी. रविवार को भी जब लोगों को प्रार्थना सभा के जरिए धर्मांतरण कराए जाने की सूचना मिली तो वो मौके पर पहुंचे. जिस जगह पर प्रार्थना सभा चल रही थी वहां पर दूसरे पक्ष से उनका जमकर विवाद हो गया. आरोप है कि विवाद के बाद दोनों पक्षों में मारपीट भी हुई. दोनों पक्षों के लोग भी मारपीट में जख्मी हुए हैं.

बजरंग दल के सह संयोजक रामलोचन तिवारी ने कहा कि किसी को अगर प्रार्थना करनी है तो वो गिरजाघर जाएगा. चोरी छुपे क्यों प्रार्थना सभा करेगा. हिंदू समाज के बीच ये लोग क्यों लेटर बांटने जाते हैं. दूसरे धर्म के लोग तो पर्चा बांटने नहीं जाते हैं. धन और शिक्षा का प्रलोभन देकर ये लोग लोगों को बरगला रहे हैं. मसीही समाज के सचिव पास्टर विनोद ने कहा कि रायपुर नाका चर्च में प्रार्थना सभा हो रही थी तभी कुछ लोगों ने आकर हंगामा शुरु कर दिया. यहां पर दूसरे धर्म के लोग भी प्रार्थना करते आते हैं. 15 से 20 लोगों ने आकर हंगामा किया और मारपीट की भी कोशिश की है ऐसा मुझे बताया गया है, मैं वहां पर नहीं था.दुर्ग सीएसपी चिराग जैन ने बताया कि दो पक्षों के बीच कुछ गलतफहमियों के चलते विवाद हुआ. मारपीट भी कुछ लोगों के बीच हुई है. हम मामले में एफआरआई दर्ज करेंगे. कानूनी रूप से जो भी उचित होगा वो कार्रवाई की जाएगी.

### पुलिस ने की लोगों से अपील

विवाद के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे. पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाया कि वो विवाद नहीं करें. शांति व्यवस्था बनाए रखें. पुलिस ने दोनों पक्षों की बातें सुनने के बाद पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरु कर दी है.










**जमीन बेचना है**

कोटरा जय बाबा राईस मिल के पास बांधाबाजार, जिला मोहला-मानपुर, अं. चौकी में 2 एकड़ 39 डिसमिल जमीन अतिशीघ्र बेचना है.

-: संपर्क :-
मो.-9479006044
9424106868

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com